माघ शुक्ल - 9 | संवत 2080 | वर्ष - 11 | अंक - 203 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » रविवार » 18-02-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 भाजपा लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतेगी : नड्डा
6 डीएसपी अमन ठाकुर: वर्दी के लिए छोड़ी दो सरकारी नौकरियां, घुसकर किया आतंकवादियों का सफाया
7 बॉलीवुड इंडस्ट्री में वक्त के साथ बदली एट्रेसेस की पहचान : शिल्पा शेट्टी




## फर्स्ट टेक

### प्रधानमंत्री कल कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखेंगे

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह सोमवार को उत्तर प्रदेश का दौरा करेंगे जहां वह संभल जिले में श्री कल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने कहा, ''प्रधानमंत्री श्री कल्कि धाम मंदिर के मॉडल का अनावरण भी करेंगे और इस अवसर पर सभा को संबोधित करेंगे।'' श्री कल्कि धाम का निर्माण श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है जिसके अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम हैं। कार्यक्रम में कई संत, धर्मगुरु और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

### ईरान में गोलीबारी की घटना में 12 की मौत

**तेहरान/वार्ता/शिन्हुआ।** ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत केरमान में शनिवार सुबह एक व्यक्ति ने अपने परिवार ही के 12 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी और तीन अन्य को घायल कर दिया। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। यह घटना फरयाब काउंटी में स्थानीय समयानुसार सुबह 04:30 बजे हुई जब 25 वर्षीय हथियारबंद व्यक्ति ने दो घरों में अपने दो सौतेले भाइयों और उनके परिवार के सदस्यों पर गोलियां चला दीं।

### गाजावासियों के लिए 'दीवारों वाला घेरा' बनायेगा मिस्र

**काहिरा/एजेन्सी।** मिस्र गाजा पट्टी से विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों को बसाने के लिए सिनाई प्रायद्वीप में एक दीवार वाले शिविर का निर्माण कर रहा है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट और मिस्र में मानवाधिकार की निगरानी करने वाली संस्थाओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पर इज़राइल ने कहा कि उसकी नागरिकों को वहां ले जाने की कोई योजना नहीं है और वह गाजा के सुदूर दक्षिण में राफा में आक्रामक हमले की तैयारी कर रहा है। डॉन ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) के हवाले से कहा कि मिस्र की सीमा के अन्दर आठ वर्ग मील का 'दीवार वाला घेरा' निर्माणाधीन है। बताया गया है कि अगर काहिरा में युद्धविराम वार्ता विफल हो जाती है तो यह परिसर 'आकस्मिक योजनाओं' का हिस्सा है।

| सूर्यास्त 18-02-2024 | सूर्योदय 19-02-2024 |
|---|---|
| 6:15 बजे | 6:30 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,426.64 (+376.26) | 22,040.70 (+129.95) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,494 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | 76,000 रु. प्रति किलो |

# हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं कार्यकर्ता : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं का शनिवार को आह्वान किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को 370 से अधिक सीटें जिताने के लक्ष्य को एक आंकड़ा नहीं, बल्कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि समझ कर प्राप्त करें।

मोदी ने भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ के पहले पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यह भी आह्वान किया कि हर बूथ पर भाजपा के 370 वोट बढ़ाएं।



भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने संवाददाताओं को प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन के बिन्दुओं की जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 पार पहुंचाने का लक्ष्य मात्र एक आंकड़ा नहीं है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू -कश्मीर को भारत का अटूट एवं अविभाज्य अंग बनाने के लिए बलिदान दिया था। हर कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए और इसे एक आंकड़े के रूप में नहीं, बल्कि श्रद्धांजलि के रूप में लें।

तावड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भाजपा और राजग जो सीटें लड़नी है, उनके उम्मीदवार की घोषणा कर दी और वह उम्मीदवार है – कमल का फूल। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता कमल को जिताने के लिए कमर कस लें। जिन लोगों को केंद्र या राज्य की सरकारों की योजनाओं का लाभ मिला है, उनसे 100 दिनों में संपर्क करें।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हर बूथ पर भाजपा के कार्यकर्ता अगले 100 दिन तक पिछली बार प्राप्त वोटों में कम से कम 370 वोटों की वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जो प्रथम बार के वोटर हैं, उन्हें पूरी ताकत से भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें। महिलाओं को मात्र वोटर नहीं समझें बल्कि माताओं बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## मौसम पूर्वानुमान संबंधी उपग्रह को इसरो ने प्रक्षेपित किया

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)/भाषा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को जीएसएलवी रॉकेट के साथ तीसरी पीढ़ी के एक मौसम पूर्वानुमान संबंधी उपग्रह 'इनसेट-3डीएस' को यहां से प्रक्षेपित किया। इस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह और समुद्री अवलोकनों के अध्ययन को बढ़ावा देना है। 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी-एफ14 रॉकेट यहां से प्रक्षेपित किया गया। प्रक्षेपण को देखने के लिए एकत्र भीड़ ने रॉकेट के रवाना होने पर तालियां बजाकर खुशी जताई। इसरो ने कहा कि 2,274 किलोग्राम वजनी उपग्रह भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) सहित पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विभिन्न विभागों को सेवा प्रदान करेगा। एक जनवरी को पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसेट मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद 2024 में इसरो के लिए यह दूसरा मिशन है।



## तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विरुधुनगर (तमिलनाडु)/भाषा।** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरुधुनगर जिले में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुए धमाके में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं।



## किसान नेताओं ने एमएसपी की कानूनी गारंटी के लिए अध्यादेश की मांग की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** केंद्रीय मंत्रियों के साथ अहम बैठक से एक दिन पहले किसान नेताओं ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लेकर आए। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन (चढ़नी) ने किसानों की मांग के समर्थन में शनिवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला जबकि भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन वरिष्ठ नेताओं के आवासों के बाहर धरना दिया।

किसान नेताओं और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसान संघों की विभिन्न मांगों पर जारी बातचीत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। दोनों पक्षों के बीच इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को हुई बातचीत बेनतीजा रही थी।

किसान एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी के अलावा कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेतिहर मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए ''न्याय'', भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं।

## बंगाल के संदेशखालि मामले में एक और मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिला स्थित संदेशखालि इलाके में कथित तौर पर भूमि हड़पने और महिला का यौन उत्पीड़न करने के मामले में एक मुख्य आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शिवप्रसाद हाजरा को संदेशखालि से पकड़ा गया। वह पुलिस में दर्ज शिकायतों में, पार्टी सहकर्मी और दो मुख्य आरोपी शाहजहां शेख तथा उत्तम सरदार के साथ नामजद आरोपी हैं।

हाजरा को रविवार को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। नजात पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया, ''हमने शिवप्रसाद हाजरा को आज शाम संदेशखालि से गिरफ्तार किया। उसे कल अदालत में पेश किया जाएगा।'' इससे पहले, पुलिस ने उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया था लेकिन शेख अब भी फरार है।

हाजरा की गिरफ्तारी के साथ, मामले के तीन मुख्य आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, एक सूत्र ने बताया कि एक पीड़िता द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामले में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 डी (सामूहिक बलात्कार) और 307 (हत्या का प्रयास) जोड़ दी है।

### हल्द्वानी दंगा:

### तीन नामजद समेत 14 और दंगाई गिरफ्तार

**नैनीताल/एजेन्सी।** उत्तराखंड के हल्द्वानी में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को 14 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन नामजद भी शामिल हैं। आरोपियों से पेट्रोल बम और पीएसी जवान से लूटी गयी मैगजीन भी बरामद हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) पीएस मीणा ने आज शाम को हल्द्वानी में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि दंगाइयों के खिलाफ पुलिस कार्यवाही लगातार जारी है। आज पुलिस ने 14 दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन फरार नामजद उपद्रवी भी शामिल हैं जिनके पोस्टर पुलिस ने कल जारी किये थे।

## वायुसेना ने 'वायु शक्ति' अभ्यास में राफेल समेत 120 विमानों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जोधपुर/नई दिल्ली/भाषा।** राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने ''आकाश से वज्रपात'' की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया।



लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा।

अभ्यास में परिवहन विमानों द्वारा लड़ाकू सहायता परिचालन का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें सी-17 द्वारा भारी रसद की आपूर्ति और भारतीय वायुसेना के विशिष्ट गरुड़ कमांडो को ले जाने वाले सी-130जे द्वारा हमला शामिल है।


## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com




कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सड़कों के राजा

हम तो हैं सड़कों के राजा,
ताकत है गुर्राने की।
नहीं जरूरत पड़ी आज तक,
कागजात दिखलाने की।
लाल बत्तियां सीट बेल्ट सब,
बातें है भरमाने की,
पर्स अगर भारी है तो फिर,
क्या चिंता जुर्माने की।।

## कब तक 188 देशों की सामूहिक आवाज को दबाते रहेंगे पांच सदस्य : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए सवाल किया कि इस शक्तिशाली अंतरराष्ट्रीय निकाय के पांच स्थायी सदस्यों की इच्छा वैश्विक संगठन के 188 सदस्य देशों की सामूहिक आवाज को कब तक कुचलती रहेगी। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने ''सुरक्षा परिषद में सुधार पर अंतर-सरकारी वार्ता'' में शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि 15 देशों वाले संयुक्त राष्ट्र निकाय में सुधार के वैश्विक प्रयासों की आधारशिला ''समदृष्टि'' होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''समदृष्टि तभी सुनिश्चित हो सकती है यदि प्रत्येक राष्ट्र को, चाहे उसका आकार या ताकत कुछ भी हो, उसे वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया को आकार देने का समान अवसर दिया जाए। इसलिए हमारा सवाल यह है कि पांच सदस्यों की इच्छा 188 सदस्य देशों की सामूहिक आवाज पर कब तक हावी होती रहेगी?''



कंबोज ने कहा कि यूएनएससी सुधार पर चर्चा के लिए कई बुनियादी मुद्दे हैं लेकिन ''यह सवाल सबसे बुनियादी है। हम सभी इस बात पर सहमत हुए हैं कि यह स्थायी श्रेणी समाप्त नहीं होने वाली तो क्या हम इन पांच स्थायी सदस्यों को 188 सदस्य देशों की सामूहिक आवाज को हमेशा के लिए कुचलने की इजाजत दे सकते हैं?'' उन्होंने कहा, ''इसे बदलना होगा।'' चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्य हैं। उनके पास विशिष्ट वीटो अधिकार है और वे सुरक्षा परिषद में निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने की शक्ति रखते हैं। कंबोज ने ''सदियों से हो रहे इस अन्याय'' को दूर करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

कंबोज ने बदलाव के लिए जरूरी ''साहसी नेतृत्व'' का उदाहरण देने के लिए भारत का जिक्र किया और जी20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान समूह में अफ्रीकी संघ को शामिल किए जाने का हवाला दिया।


## इमरान खान की पार्टी ने चुनाव में धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू किया

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने हाल के चुनावों में कथित धांधली और अपने जनादेश की चोरी के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। राजधानी इस्लामाबाद में प्रदर्शन के चलते अधिकारियों ने शनिवार को निषेधाज्ञा लागू कर दी।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनावों के नतीजों की आलोचना करते हुए कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी 'शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन' करने की घोषणा की। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव परिणामों में नेशनल असेंबली की 90 से अधिक सीट जीतकर अपना दबदबा कायम रखा था। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान के वाना में एक विरोध मार्च के साथ शुरू हुई। पीटीआई ने संसद में विपक्ष में बैठने का फैसला किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने एक बयान में कहा, पीटीआई ने आम चुनाव 2024 में अभूतपूर्व, बड़े पैमाने पर, बेशर्म धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है, जहां पीटीआई की 180 नेशनल असेंबली सीट की जीत और संसद में दो-तिहाई बहुमत को घटाकर आधा कर दिया गया था।



## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** गुरुजी, क्या जीवन में सब कुछ समय आने पर ही होता है या कुछ ऐसा भी है जो उसका समय आने से पहले भी हो सकता है और क्या समय निकल जाने के बाद भी हो सकता है?

**उत्तर:** आप कदाचित् यह कहना चाह रहे हैं कि क्या सृष्टि में हरेक घटना का कोई मुहूर्त या अवसर या काल या अवधि पहले ही से तय है और वह घटना उसी अवसर पर उसी मुहूर्त या उसी कालावधि में घटेगी या आगे-पीछे भी घट सकती है?
देखिए, 'समय' वैज्ञानिक दृष्टि से अभी भी अपरिभाषित है। समय की जितनी भी परिभाषाएँ हैं वे सब समय के तुलनात्मक मापन की काम चलाऊ परिभाषाएँ भर हैं। वैज्ञानिकों द्वारा दी गई कोई भी परिभाषा समय की यथार्थ परिभाषा नहीं है। समय को उसके यथार्थ स्वरूप में केवल और केवल परं आध्यात्मिक दृष्टि से ही देखा और पराभाषित तथा परिभाषित किया जा सकता है। क्योंकि, समय परम चेतना की ही एक कला है। तत्वत: समय कहीं आता जाता नहीं है। अपने प्राकट्य के क्षण से ही वह सनातन शाश्वत वहीं का वहीं है। वही का वही है। इसलिए, जो भी घटना घटती है 'समय-में' ही घटती है। केवल आत्म-साक्षात्कार का क्षण समय और प्रारब्ध की मर्यादा लांघ सकता है क्योंकि वह सनातन है।स्वयं समय भी काल रूप में उसका सहोदर और कलाओं के रूप में उसकी सहोदरी है। आत्म तत्व का नियामक या निर्माता समय नहीं है किंतु और सब कुछ का नियामक निर्माता सहायक तो वह है। इसी को समझ लेंगे तो आपको आपका उत्तर मिल जाएगा।

# हिमाचल: सुक्खू ने 58,444 करोड़ का बजट पेश किया

## दूध के लिए एमएसपी बढ़ाने की घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य सरकार का 58,444 करोड़ रुपए का बजट पेश किया।

बजट में कृषि क्षेत्र पर खासतौर से जोर देते हुए गाय और भैंस के दूध के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने का ऐलान किया गया। सुक्खू ने अपना दूसरा बजट पेश करते हुए कहा कि एमएसपी गाय के दूध पर 38 रुपए से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध पर 38 रुपए से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। राज्य में वित्त विभाग मुख्यमंत्री के पास है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध के लिए एमएसपी घोषित करने वाला पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि सभी दुग्ध सहकारी समितियों की देनदारियों को माफ कर दिया जाएगा और दूध खरीद तथा प्रसंस्करण अवसंरचना को मजबूत करने के लिए 150 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सरकार ने अगले वित्त वर्ष के लिए कोई नया कर प्रस्तावित नहीं किया है। राजस्व प्राप्तियां और राजस्व व्यय क्रमश: 42,153 करोड़ रुपए और 46,667 करोड़ रुपए अनुमानित हैं। इसका अर्थ है कि अनुमानित राजस्व घाटा 4,514 करोड़ रुपए है। राजकोषीय घाटा 10,784 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.75 प्रतिशत है। राज्य सरकार प्रत्येक 100 रुपए के खर्च में 25 रुपए वेतन पर, 17 रुपए पेंशन पर, 11 रुपए ब्याज पर, नौ रुपए ऋण चुकौती पर और 10 रुपए स्वायत्त संस्थानों को अनुदान पर खर्च करेगी। केवल 28 रुपए अन्य गतिविधियों पर खर्च किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना की घोषणा की।



## अंडमान से सांसद कुलदीप राय शर्मा को लगातार तीसरी बार संसद रत्न पुरस्कार मिला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पोर्ट ब्लेयर/भाषा।** अंडमान-निकोबार द्वीप समूह से सांसद कुलदीप राय शर्मा को शनिवार को लगातार तीसरे वर्ष 'संसद रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली के 'न्यू महाराष्ट्र सदन' में आयोजित एक समारोह में पांच सांसदों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

अंडमान से कांग्रेस के सांसद कुलदीप राय शर्मा के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सुधीर गुप्ता एंव सुकांत मजूमदार, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल रामसिंग कोल्हे को भी 'संसद रत्न' पुरस्कार दिया गया। कुलदीप राय शर्मा के कार्यालय से जुड़े एक सूत्र ने कहा कि शर्मा ने द्वीपसमूह और उसके लोगों की बेहतरी के लिए कई मुद्दे उठाए और उन्होंने न केवल संसदीय बहस में भाग लिया बल्कि एक सांसद के रूप में अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन में उच्च स्तर की व्यावसायिकता का भी प्रदर्शन किया। सूत्र ने कहा कि शर्मा ने सदन में जिन मुद्दों को उठाया, उनमें द्वीपों में सरकारी नौकरी की लगभग 10,000 रिक्तियों को भरना, केंद्र शासित प्रदेश के लिए एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान), द्वीपसमूह में प्रतिनियुक्ति पर विशेषज्ञ चिकित्सकों को भेजना, सभी पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल केंद्र) में अल्ट्रासाउंड सुविधा, द्वीपों में सभी भूमिहीन लोगों के लिए 200 वर्ग मीटर भूमि का प्रावधान, एक केंद्रीय विवि की स्थापना और पुरी से डिगलीपुर तक ऑप्टिकल फाइबर बिछाए जाने संबंधी मुद्दे शामिल रहे।

## केरल सरकार मेरे खिलाफ प्रदर्शन में पीएफआई कार्यकर्ताओं का इस्तेमाल कर रही है : राज्यपाल



**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य की वामपंथी सरकार पर उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) के सदस्यों का इस्तेमाल करने का शनिवार को आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल में उनके खिलाफ किए गए सभी विरोध प्रदर्शन 'स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एसएफआई) और पीएफआई ने संयुक्त रूप से मिलकर किए।

राज्य की राजधानी पहुंचे खान ने कहा कि हाल में कोल्लम के नीलामेल में उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने पर गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से सात पीएफआई के सदस्य थे। राज्यपाल ने कहा कि उन्हें इस संबंध में शुक्रवार रात को ही एक रिपोर्ट मिली थी और राज्य के लोगों के साथ जानकारी साझा करना उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा, मुझे रिपोर्ट मिली है कि नीलामेल में गिरफ्तार किए गए 12 लोगों में से सात पीएफआई के सदस्य हैं। इसलिए यह सिर्फ एसएफआई नहीं है। राज्यपाल के आरोपों को लेकर राज्य सरकार या मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

खान ने पिनराई विजयन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सरकार क्या कर रही है...वे एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों से कह रहे हैं कि आप इन विरोध प्रदर्शनों में शामिल हों...आप कुछ बुरा करेंगे तो फिर हम आपकी रक्षा करेंगे। राज्यपाल ने राज्य सरकार पर केरल में कानून एवं व्यवस्था की समस्या पैदा करने के लिए एक प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों को न केवल शरण देने बल्कि उनका इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया।

## इंदिरा गांधी का 'तीसरा बेटा' कमलनाथ क्या कभी कांग्रेस छोड़ सकता है : मप्र कांग्रेस प्रमुख



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने शनिवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कमलनाथ को अपना तीसरा बेटा बताया था और उन अटकलों को खारिज कर दिया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो सकते हैं। पार्टी में कमलनाथ के सहयोगी और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। पटवारी ने संवाददाताओं से कहा, क्या आप इंदिरा जी के तीसरे बेटे के भाजपा में शामिल होने का सपना देख सकते हैं? उन्होंने कहा कि कमलनाथ बुरे दौर में कांग्रेस के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहे जब ज्योतिरादित्य सिंधिया के मार्च 2020 में भाजपा में शामिल होने के बाद उनके (कमलनाथ के) नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी।

भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच, कमलनाथ शनिवार दोपहर दिल्ली पहुंचे और कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह पहले मीडिया को बताएंगे। पत्रकारों के साथ अपनी संक्षिप्त बातचीत में कमलनाथ ने मीडियाकर्मियों को उत्साहित नहीं होने को कहा। वहीं, दिग्विजय सिंह ने कहा कि नेहरू-गांधी परिवार के साथ अपनी राजनीतिक पारी शुरू करने वाले कमलनाथ कभी पार्टी नहीं छोड़ सकते।

## हिमाचल प्रदेश का बजट लोगों को गुमराह करने वाला : जयराम ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिमला/भाषा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जयराम ठाकुर ने शनिवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा पेश किया गया बजट ''झूठ बोलकर राज्य के लोगों को गुमराह करने'' का प्रयास है। उन्होंने दावा किया कि इसमें समाज के किसी भी वर्ग को राहत का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। ठाकुर ने एक वीडियो संदेश में कहा कि पिछले बजट में घोषित 95 प्रतिशत योजनाओं पर कुछ भी नहीं किया गया है और फिर भी नई योजनाओं की घोषणा की गई है। ठाकुर नई दिल्ली में होने के कारण शनिवार को विधानसभा में मौजूद नहीं थे।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता ठाकुर ने कहा, राज्य के लोगों ने कांग्रेस सरकार पर से विश्वास खो दिया है जो 2022 के विधानसभा चुनाव में किए गए अपने वादों को पूरा करने में विफल रही। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि किए गए वादों की गारंटी का बजट में कोई जिक्र नहीं है।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले 14 महीनों में 14,000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया है। उन्होंने कहा कि केवल राहत पैकेज की घोषणा करना तब तक काफी नहीं है जब तक कि यह पीड़ित तक न पहुंच जाए और लागू न हो जाए।

## यूनान के प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस अगले सप्ताह भारत आएंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** यूनान के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस भारत और यूनान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से 21 फरवरी से भारत की दो दिवसीय राजकीय यात्रा पर आएंगे। यह यूनान के किसी राष्ट्राध्यक्ष की 15 साल के अंतराल के बाद पहली भारत यात्रा होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल अगस्त में यूनान की यात्रा की थी और उस दौरान भारत एवं यूनान के संबंधों का स्तर 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाया गया था। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनकी यात्रा की घोषणा करते हुए शनिवार को बताया कि मित्सोटाकिस राष्ट्रीय राजधानी में 'रायसीना डायलॉग' में मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता होंगे।

मित्सोटाकिस के साथ यूनान के वरिष्ठ अधिकारी और एक उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस की यात्रा से भारत और यूनान के बीच रणनीतिक साझेदारी और मजबूत एवं गहरी होने की उम्मीद है। मित्सोटाकिस एथेंस लौटने से पहले मुंबई भी जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और प्रधानमंत्री मोदी अतिथि गणमान्य हस्ती के सम्मान में दोपहर के भोज की भी मेजबानी करेंगे।

## उत्तराखंड : केंद्र ने 108 सड़कों को पीएमजीएसवाई के तहत उन्नयन को मंजूरी दी

**देहरादून/भाषा।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत उत्तराखंड की 108 सड़कों का उन्नयन करने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को स्वीकृति पत्र जारी किया। पत्र के अनुसार, पीएमजीएसवाई-तृतीय के तहत उत्तराखंड में कुल 1,197.207 किलोमीटर की लंबाई वाली 108 सड़कों का 967.73 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से उन्नयन किया जाएगा।

इन सड़कों के उन्नयन पर आने वाली कुल 967.73 करोड़ रुपए की लागत में से केंद्र 803.85 करोड़ रुपए देगा और शेष 163.88 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन करेगी।

## देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति है : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है।

राहुल गांधी ने कहा, मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। इस यात्रा में सबको लगना चाहिए कि वह अपने भाई से मिलने आए हैं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का भारत। मीडिया को लेकर गांधी ने कहा, ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदी जी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं दिखाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा, नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा, देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और अन्य कांग्रेसी नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। अपना दल (कमेरावादी) की नेता और कौशांबी के सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल भी वाराणसी में इस यात्रा में शामिल हुईं। वह खुली जीप में राहुल गांधी के बाईं ओर खड़ी थीं। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई।

## मुरैना में गर्भवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसे आग के हवाले किया, गंभीर घायल

**मुरैना (मध्य प्रदेश)/भाषा।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में अपनी जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। अंबाह थाने के पुलिस निरीक्षक आलोक परिहार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी। इस महिला ने अपने पति पर बलात्कार का आरोप लगाया था। अधिकारी ने बताया कि एंबुलेंस में पीड़िता ने पति को दिए बयान में कहा कि चांदपुर गांव के तीन लोगों ने उससे बलात्कार किया। उसने कहा कि जब वह भागने लगी तो उसके साथ गई महिला सहित अन्य लोगों ने पेट्रोल डालकर उसे जला दिया। बयान का एक वीडियो भी सामने आया है। परिहार ने कहा कि पीड़िता के पति ने वीडियो पुलिस को सौंप दिया है।

## गुजरात: अपहरण, जबरन वसूली मामले में पांच पुलिसकर्मियों समेत 19 व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुज/भाषा।** गुजरात के कच्छ जिले में एक कंपनी के एक कर्मचारी के अपहरण और जबरन वसूली के संबंध में दो पुलिस अधीक्षक (एसपी) और तीन अन्य वरिष्ठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा रखी थी। रोक हटने के लगभग एक महीने बाद अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने बृहस्पतिवार को दो पुलिस अधीक्षकों, तीन उपाधीक्षकों, एक उप-निरीक्षक और इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के मालिकों समेत अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

सीआईडी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कच्छ जिले के गांधीधाम के निवासी परमानद सीरवानी ने दिसंबर 2015 में अपहरण और जबरन वसूली के लिए कंपनी के दो मालिकों और 11 अन्य के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि शिकायतकर्ता और उसकी पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए 6 दिसंबर 2015 और 4 फरवरी 2016 के बीच संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया था। हालांकि, जब कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो उन्होंने प्राथमिकी का निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया।

## कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेजा


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नोएडा/भाषा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने उसकी कस्टडी डिमांड की मांग की है।

नोएडा पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि थाना बीटा-दो में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में रवि नागर उर्फ रवि काना तथा उसकी पत्नी मधु नागर सहित कई लोग वांछित हैं।

## राकांपा मामले में निर्वाचन आयोग, विधानसभा अध्यक्ष का फैसला अनुचित : शरद पवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बारामती/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने शनिवार को कहा कि राकांपा के मामले में निर्वाचन आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर द्वारा दिए गए फैसले ''अनुचित'' हैं और उनका गुट पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न वापस पाने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा।

शरद पवार के नेतृत्व वाले समूह को अब आधिकारिक तौर पर राकांपा (शरदचंद्र पवार) नाम दिया गया है। बृहस्पतिवार को शरद पवार गुट को उस समय झटका लगा जब नार्वेकर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाला गुट ही असली राकांपा है। उन्होंने दोनों प्रतिद्वंद्वी समूहों द्वारा एक-दूसरे के विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। यह फैसला निर्वाचन आयोग द्वारा अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा मानने और उन्हें पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' आवंटित करने के कुछ दिनों बाद आया है।

शरद पवार ने पुणे जिले में अपने गृहनगर बारामती में संवाददाताओं से कहा, हमें ऐसे फैसले की आशंका थी। विधानसभा अध्यक्ष अपने पद की गरिमा बनाए रखने में विफल रहे। निर्वाचन आयोग और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिए गए फैसले अनुचित हैं। इसलिए, हम राकांपा के नाम और चिह्न के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जिन्होंने पार्टी बनाई थी, उन्हें पार्टी से हटा दिया गया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। यह फैसला न्यायिक व्यवस्था के मुताबिक सही नहीं था। हमने इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। पूरा देश जानता है कि पार्टी की स्थापना किसने की थी।

जब उनसे पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे अशोक चव्हाण के भाजपा में शामिल होने के बारे में पूछा गया तो शरद पवार ने कहा, इन दिनों एसीबी और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) जैसी कई एजेंसियों का प्रभाव बढ़ गया है और यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उनका इस्तेमाल विपक्ष के खिलाफ कैसे किया जा रहा है।

## 'नक्सलियों के गढ़ रहे क्षेत्रों में अब पुलिस शिविर स्थापित, जल्द खत्म होगी नक्सल समस्या'

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला ने कहा कि गढ़चिरौली में कभी नक्सली गढ़ माने जाने वाले इलाकों में पुलिस शिविर स्थापित किए जा चुके हैं और जल्द ही नागरिकों के सहयोग से नक्सली समस्या को खत्म कर दिया जाएगा। राज्य की पहली महिला डीजीपी ने गर्देवाड़ा के दौरे पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। यह क्षेत्र कभी नक्सलवाद से काफी प्रभावित रहा और यहां हाल में एक पुलिस चौकी स्थापित की गई है। शुक्ला ने कहा, नक्सली गतिविधियों के कारण यह क्षेत्र मुख्यधारा से दूर था। हालांकि, पुलिस विभाग ने गर्देवाड़ा में एक पुलिस चौकी स्थापित करके लोगों के मन से डर दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ क्षेत्र के लोगों तक पहुंच रही है। शुक्ला ने कहा, हम लोगों का दिल जीतेंगे और उनके समर्थन से यहां से नक्सलवाद की समस्या को खत्म करेंगे।

## लिट्टे को पुनर्जीवित करने की साजिश मामले में एक और व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने श्रीलंका और भारत में लिट्टे को पुनर्जीवित करने से संबंधित मामले में एक और आरोपी - स्थानीय फिल्म उद्योग में एक 'प्रोडक्शन एक्जीक्यूटिव'- के खिलाफ तमिलनाडु की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया है। आतंकवाद विरोधी संघीय एजेंसी ने कहा लिंगम ए उर्फ आदिलिंगम 2022 में दर्ज मामले में 14वां आरोपी है जिसके खिलाफ अब तक आरोपपत्र दाखिल किया है। मामले में फिलहाल 16 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

एनआईए ने कहा कि आदिलिंगम पर मादक पदार्थों और हथियारों के अवैध व्यापार के माध्यम से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने की साजिश रचने और कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि आदिलिंगम ने मादक द्रव्यों की बिक्री से प्राप्त हवाला धन के संग्रह के लिए एक एजेंट के रूप में भी काम किया था, जिसे लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए वितरित किया जा रहा था। चेन्नई के पूनामल्ली में एनआईए मामलों की विशेष अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोप पत्र में, एजेंसी ने पूरी साजिश में आदिलिंगम की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया है। आरोप पत्र से पता चलता है कि आरोपी तमिल फिल्म उद्योग में प्रोडक्शन एक्जीक्यूटिव के रूप में कार्यरत था जबकि गुप्त रूप से वह प्रमुख लिट्टे नेताओं के अहम सहयोगी के रूप में काम कर रहा था।



# द्रमुक अल्पसंख्यकों को अलग किए बिना शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित कर रही : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.स्टालिन ने शनिवार को कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विपरीत राज्य की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार अल्पसंख्यकों को अलग किए बिना समाज के सभी वर्गों के शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व को सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने द्रमुक को 'विभाजनकारी' बताने पर केंद्रीय मंत्री को आड़े हाथ लेते हुए कहा, शासन के द्रविड़ मॉडल ने राज्य में शांतिपूर्ण माहौल बनाया है जहां पर अल्पसंख्यक भी बिना किसी भय के रह रहे हैं।

यहां सचिवालय में अल्पसंख्यक कल्याण परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्टालिन ने कहा, ''सुशासन का मूलभूत नियम है शांतिपूर्ण महौल बनाना। हम आपकी मांग पर विचार करने को तैयार हैं और धीरे–धीरे पूरा करेंगे।'' केंद्रीय मंत्री का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि मंत्री ने शासन के द्रविड़ मॉडल पर 'विभाजनकारी' होने का आरोप लगाया था।

स्टालिन ने कहा, केंद्रीय मंत्री की ओर से मीडिया को दिये गये साक्षात्कार से ज्यादा मनोरंजक कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि शासन का द्रविड़ मॉडल सभी के लिए 'सबकुछ' (इल्लोरुक्कुम इलम) पर आधारित है और इसमें बहुसंख्यक व अल्पसंख्यक सहित समाज के सभी वर्ग शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लोगों को जाति, धर्म या अन्य किसी आधार पर नहीं बांटती। न ही यह किसी को जाति के आधार पर ऊंच या नीच' मानती है।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से 10 लोगों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**विरुधुनगर।** तमिलनाडु के विरुधुनगर में पटाखा फैक्टरी में शनिवार को विस्फोट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों की मौत हो गई। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने प्रदेश के दो मंत्रियों को बचाव और राहत गतिविधियों का समन्वय करने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विरुधुनगर जिले में स्थित पटाखा फैक्टरी में हुए धमाके में हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वेम्बकोट्टई के कुंडयिरुप्पु गांव में एक पटाखा निर्माण इकाई में अचानक विस्फोट से दस लोगों की मौत हो गई जिनमें छह पुरुष और चार महिलाएं हैं। यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक स्टालिन ने राज्य के राजस्व मंत्री केकेएसआर रामचंद्रन और श्रममंत्री सीवी गणेशन को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने और बचाव और राहत गतिविधियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी मोदी के हवाले से जारी पोस्ट में कहा, विरुधुनगर की पटाखा फैक्टरी में हुई दुर्घटना की खबर जानकर दुखी हूं। इस मुश्किल समय में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने इस दुखद हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र और पूरी तरह से स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों को तीन–तीन लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को एक–एक लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक यह दुर्घटना शनिवार अपराह्न 12 बजकर करीब 30 मिनट पर गांव में स्थित पटाखा निर्माण फैक्टरी के रसायनों को मिलाने वाले कमरे में हुई। विरुधुनगर के जिलाधिकारी वी.पी.जयासीलन ने कहा, शुरुआत में धमाके से नौ लोगों की मौत हुई थी और गंभीर रूप से तीन लोगों को इलाज के लिए शिवकाशी के राजकीय अस्पताल में ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि रसायन मिश्रण कक्ष में भीड़भाड़ थी और आशंका है कि इसकी वजह से रसायनों को मिलाने के दौरान धमाका हुआ होगा। जिलाधिकारी के मुताबिक फैक्टरी मालिक के पास लाइसेंस था। यह पूछे जाने पर कि विस्फोट कैसे हुआ जिलाधिकारी ने जवाब दिया, यह मानवीय गलती से से हो सकता है। हमने एक अंतर–विभागीय टीम को जांच करने का आदेश दिया है।



# तमिलनाडु ने 435 रन बनाने के बाद पंजाब के 141 रन तक 4 विकेट चटकाये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सेलम।** बाबा इंद्रजीत और विजय शंकर की बड़ी शतकीय पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 281 रन की साझेदारी के दम पर तमिलनाडु ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन शनिवार को पंजाब के खिलाफ अपनी पहली पारी में 435 रन बनाये। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 141 रन पर पंजाब के चार विकेट झटक लिये। पंजाब की टीम अब भी 294 रन से पीछे है। तमिलनाडु ने दिन की शुरूआत चार विकेट पर 291 रन से आगे से की। शंकर ने बीते दिन के 88 रन के स्कोर को शतक में बदला। उन्होंने 271 गेंद में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 130 रन बनाये। दिन की शुरुआत 122 रन से करने वाले इंद्रजीत ने 295 गेंद की पारी में 187 रन बनाये। उन्होंने 10 चौका और एक छक्का लगाया।

तमिलनाडु के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने लचर प्रदर्शन किया जिससे टीम ने आखिरी छह विकेट 47 रन के अंदर गंवा दिये। पंजाब के लिए ऑफ स्पिनर सुखविंदर सिंह ने 99 रन देकर चार विकेट लिये। पंजाब के तीन बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। प्रभसिमरन सिंह (24), अनमोलप्रीत सिंह (41) और नेहाल वढेरा (43) ने क्रीज पर समय बिताने के बाद विकेट गंवा दिये जबकि सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा सिर्फ सात रन का योगदान दे सके। स्टंप्स के समय मनदीप सिंह 18 और विकेटकीपर अनमोल मल्होत्रा तीन रन बनाकर क्रीज पर हैं। ग्रुप के अन्य मैचों में अगरतला में त्रिपुरा ने रेलवे के खिलाफ सुदीप चटर्जी के 95 रन की बदौलत अपनी दूसरी पारी में नौ विकेट पर 286 रन बना लिये। इससे टीम की कुल बढ़त 330 रन की हो गयी। इससे पहले त्रिपुरा की 149 रन के जवाब में रेलवे की पहली पारी 105 रन पर सिमट गयी थी। हुब्बल्ली में कर्नाटक ने चंडीगढ़ को पहली पारी में 267 रन पर आउट करने के बाद अनुभवी मनीष पांडे (102) के नाबाद शतक के दम पर अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर 268 रन बना लिये है। कर्नाटक के पास एक रन की बढ़त है और टीम के सात विकेट बचे है। गुजरात ने पोरवोरिम में गोवा के 317 रन के जवाब में पहली पारी में पांच विकेट पर 281 रन बनकर स्थिति मजबूत रखी है। गुजरात की टीम अभी 36 रन से पीछे है लेकिन लेकिन उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाज प्रियांक पंचाल 150 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है।

# तंजावुर रेलवे स्टेशन पर 'रेल रोको' प्रदर्शन कर रहे 100 किसान गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तंजावुर।** तमिलनाडु के तंजावुर रेलवे स्टेशन पर विभिन्न किसान संघों के लगभग 100 किसानों को शनिवार को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब उन्होंने 'रेल रोको' के तहत चोलन एक्सप्रेस के सामने प्रदर्शन करने की कोशिश की। किसानों का यह समूह नयी दिल्ली में किसानों के आंदोलन के खिलाफ पुलिस कार्रवाई का विरोध कर रहा था। विभिन्न किसान संघों के अध्यक्ष पी आर पांडियन, अय्याकन्नू और सुंदरविमलनाथन ने भी 'रेल रोको' विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।





# सेलवापेरूंथागई तमिलनाडु पीसीसी के अध्यक्ष, राजेश कुमार विधायक दल के नेता नियुक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/बेंगलूरु।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ दिनों पहले शनिवार को अपनी तमिलनाडु इकाई के संगठन में बड़ा बदलाव करते हुए के. सेलवापेरूंथागई को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने एस. राजेश कुमार को विधायक दल का नेता नियुक्त किया है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सेलवापेरूंथागई और राजेश कुमार की नियुक्तियों के प्रस्ताव को मंजूरी दी। सेलवापेरूंथागई ने के एस अलागिरी का स्थान लिया है। वह अब तक विधायक दल के नेता की जिम्मेदारी निभा रहे थे। राजेश कुमार अब तक विधायक दिल के उप नेता थे।

# पलानीस्वामी ने मेकेदातु मुद्दे पर कर्नाटक सरकार की आलोचना की, द्रमुक की 'चुप्पी' पर सवाल उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक के महासचिव ए.के. पलानीस्वामी ने शनिवार को मेकेदातु जलाशय परियोजना पर आगे बढ़ने के कर्नाटक सरकार के फैसले के लिए राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला किया और इस मुद्दे पर तमिलनाडु की द्रमुक सरकार की कथित चुप्पी पर सवाल उठाए। कर्नाटक सरकार बेंगलूरु की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए राज्य के मेकेदातु में कावेरी नदी पर एक जलाशय के निर्माण की परिकल्पना कर रही है, लेकिन तमिलनाडु यह कहते हुए इसका विरोध कर रहा है कि यह परियोजना उसके हितों को नुकसान पहुंचाएगी।

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता पलानीस्वामी ने आरोप लगाया कि द्रमुक अपने सहयोगी दल कांग्रेस के साथ 2021 में सत्ता में आने के बाद से ही तमिलनाडु के हितों के खिलाफ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वह पहले ही राज्य विधानसभा में पिछली अन्नाद्रमुक सरकार द्वारा 2018 में सीडब्ल्यूएमए एजेंडा में मेकेदातु मुद्दे को उठाने के लिए कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के प्रमुख के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अवमानना याचिका दायर करने का मुद्दा उठा चुके हैं। यह मामला उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस महीने की शुरुआत में सीडब्ल्यूएमए की बैठक में मेकेदातु मुद्दा फिर से उठा, लेकिन तमिलनाडु सरकार ने इसके विरोध में बर्हिगमन नहीं किया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इसी पृष्ठभूमि में कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को अपना बजट पेश करते

# प्रक्षेपण यान जीएसएलवी ने मौसम पूर्वानुमान संबंधी उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को जीएसएलवी रॉकेट के साथ तीसरी पीढ़ी के एक मौसम पूर्वानुमान संबंधी उपग्रह 'इनसेट–3डीएस' को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया। इस उपग्रह का उद्देश्य पृथ्वी की सतह और समुद्री अवलोकनों के अध्ययन को बढ़ावा देना है। 51.7 मीटर लंबा जीएसएलवी–एफ14 रॉकेट यहां से प्रक्षेपित किया गया। मौजूदा मिशन के निदेशक ने कहा कि उपग्रह को सफलतापूर्वक निर्धारित कक्षा में स्थापित कर लिया गया है।

इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने कहा कि इस सफलता ने अंतरिक्ष एजेंसी को अधिक ''आत्मविश्वास'' दिया है क्योंकि जीएसएलवी को अगली बार एनआईएसएआर मिशन में तैनात किया जाएगा, जो अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ एक सहयोगात्मक प्रयास है। प्रक्षेपण को देखने के लिए एकत्र भीड़ ने रॉकेट के रवाना होने पर तालियां बजाकर खुशी जताई। इसरो ने कहा कि 2,274 किलोग्राम वजनी उपग्रह भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) सहित पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत विभिन्न विभागों को सेवा प्रदान करेगा। मिशन का वित्त पोषण पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने किया है। मिशन का उद्देश्य मौजूदा परिचालन इनसेट–3डी (2013 में प्रक्षेपित) और इनसेट–3डीआर (सितंबर 2016 में प्रक्षेपित) को मौसम संबंधी उन्नत पूर्वानुमानों, भूमि और महासागर सतहों की निगरानी और आपदा संबंधी चेतावनी के लिए सेवाओं को निरंतरता प्रदान करना है।

तीन चरणों वाला यह प्रक्षेपण यान लगभग 20 मिनट की उड़ान के बाद योजना के अनुसार रॉकेट से अलग हो गया और उपग्रह को निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया। एक जनवरी को पीएसएलवी–सी58/एक्सपोसेट मिशन के सफल प्रक्षेपण के बाद 2024 में इसरो के लिए यह दूसरा मिशन है।

## इसरो ने एक बार फिर अशुभ माने जाने वाले 13 के अंक से किया किनारा

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक बार फिर अपने जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) रॉकेट को नंबर देते समय '13' नंबर को छोड़ दिया है – जिसे आमतौर पर अशुभ माना जाता है।

राकेट शनिवार शाम को मौसम उपग्रह इन्सैट–3डीएस के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार है। जीएसएलवी रॉकेट की आखिरी उड़ान 29 मई, 2023 को थी और रॉकेट का कोडनेम 'जीएसएलवी–एफ12' रखा गया था। तार्किक रूप से, अगले जीएसएलवी रॉकेट का क्रमांकन 'जीएसएलवी–एफ13' होना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शनिवार शाम 2,274 किलोग्राम वजनी इनसैट–3डीएस लेकर उड़ान भरने वाले जीएसएलवी रॉकेट को 'जीएसएलवी–एफ14' कोडनेम दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इसी नंबरिंग योजना का पालन इसरो ने अपने अन्य रॉकेट पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) के मामले में भी किया था। रॉकेट पीएसएलवी–सी12 को भेजने के बाद, इसरो ने अपने अगले पीएसएलवी रॉकेट के लिए एक नंबर आगे बढ़ते हुए इसे 'पीएसएलवी–सी14' नाम दिया, जिसने ओशनसैट –2 और छह यूरोपीय नैनो उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया। इसरो के अधिकारी अपने लॉन्च रोस्टर से पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल–सी13 (पीएसएलवी–सी13) नाम के रॉकेट की अनुपस्थिति को स्पष्ट करने में असमर्थ हैं।

एक उच्च पदस्थ अधिकारी ने बताया, इस नंबर के साथ ऐसा कोई रॉकेट नामित नहीं है। उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या अंतरिक्ष एजेंसी 13 नंबर को अशुभ मानती है। मजे की बात यह है कि अपोलो–13 के चंद्रमा पर उतरने में विफलता के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने उस नंबर पर किसी अन्य मिशन का नाम नहीं रखा है। हाल ही में, दो अंतरिक्ष एजेंसियों – भारत के इसरो और अमेरिका के नासा के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बनाए जा रहे पृथ्वी विज्ञान उपग्रह नासा–इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार (एनआईएसएआर) के विदाई समारोह में अपनी–अपनी परंपराओं का पालन किया।

दक्षिणी कैलिफोर्निया में जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी (जेपीएल) के बाहर और एनआईएसएआर उपग्रह के स्केल मॉडल के सामने, नासा के एनआईएसएआर परियोजना प्रबंधक फिल बरेला और इसरो के एनआईएसएआर के परियोजना निदेशक सीवी श्रीकांत ने औपचारिक रूप से नारियल फोड़े। किसी महत्वपूर्ण कार्यक्रम से पहले नारियल फोड़ना भारत में किसी कार्य के सुचारू रूप से पूरा होने का मार्ग प्रशस्त करने की एक शुभ परंपरा है। अपनी ओर से, जेपीएल के निदेशक लॉरी लेशिन ने अपने संगठन की परंपरा के अनुसार इसरो प्रतिनिधिमंडल को भाग्यशाली मूंगफली का एक जार भेंट किया, जिसमें अध्यक्ष एस.सोमनाथ भी शामिल थे। इसरो के एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक ने बताया कि जहां तक अंधविश्वासों का सवाल है, तो अधिक दिलचस्प रूसी अंतरिक्ष यात्रियों की परंपरा है, जो प्रक्षेपण केंद्र के रास्ते में अपनी ट्रांसफर बस के दाहिने पिछले पहिये पर पेशाब कर देते हैं। एक सेवानिवृत्त अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर आईएएनएस को बताया कि इसरो भले ही विभिन्न ग्रहों पर रॉकेट और उपग्रह भेज रहा हो, लेकिन वह अंधविश्वासों और मान्यताओं को भी मानता रहा है।

सेवानिवृत्त अधिकारी ने कहा, भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी राहु कालम् पर रॉकेट उड़ान के लिए उलटी गिनती शुरू नहीं करेगी। राहु कालम्, या राहु ग्रह की साढ़े साती को कोई भी नया काम शुरू करने के लिए अशुभ माना जाता है। उन्होंने कहा, अंतर–ग्रहीय मिशनों के मामले में, रॉकेट के प्रक्षेपण समय के साथ शुभ समय का मेल संभव नहीं है। बाद का निर्णय उस दिन लक्ष्य ग्रह की स्थिति के आधार पर किया जाता है, जब अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में प्रवेश करने की उम्मीद करता है। इसलिए रॉकेट की उलटी गिनती शुभ समय पर शुरू हुई। इसी तरह प्रत्येक रॉकेट मिशन से पहले, इसरो अधिकारी आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में प्रसिद्ध भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में प्रार्थना करते हैं और उड़ान की सफलता के लिए आशीर्वाद मांगने के लिए भगवान के चरणों में रॉकेट की प्रतिकृति रखते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में, श्रीहरिकोटा रॉकेट बंदरगाह के पास कुछ और मंदिरों को सूची में जोड़ा गया है और अधिकारी या उनके कनिष्ठ उन मंदिरों में जाते हैं और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना करते हैं। इसी तरह, रॉकेट के विभिन्न चरणों का एकीकरण शुरू करने से पहले पूजा या समारोह आयोजित किए जाते हैं। हालांकि, भारत का 450 करोड़ रुपये का मंगल ऑर्बिटर मिशन मंगलवार को उड़ान भरकर एक तरह से परंपरा को तोड़ने वाला रहा। इसरो के एक अधिकारी ने बताया, इसरो के इतिहास में यह पहली बार था कि किसी रॉकेट को मंगलवार को लॉन्च किया गया। मंगलवार को आम तौर पर अशुभ दिन माना जाता है। हालांकि, मार्स ऑर्बिटर मिशन में शामिल एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके लिए मंगलवार एक भाग्यशाली दिन है, क्योंकि मिशन सफल रहा। इसरो के एक सेवानिवृत्त रॉकेट वैज्ञानिक के अनुसार, एक परियोजना निदेशक रॉकेट लॉन्च के दिन नई शर्ट पहनते हैं। इसरो के एक पूर्व प्रमुख ने आईएएनएस को बताया, यह सभी व्यक्तिगत मान्यताएं हैं। कोई भगवान और जहर के साथ जोखिम नहीं ले सकता।

## लोकसभा चुनाव में बदलाव के लिए मतदान करेंगे : उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार



**मंगलूरु।** पिछले कुछ वर्षों में तटीय कर्नाटक में विकास और वाणिज्य में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज विश्वास जताया कि लोग आगामी आम चुनावों में बदलाव के लिए मतदान करेंगे। यहां सह्याद्री कॉलेज परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, क्षेत्र में बेरोजगारी है और युवा रोजगार के लिए बेंगलूरु, मुंबई और मध्य पूर्व की ओर पलायन कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए इस बार बदलाव के लिए मतदान करेंगे। राजनीति में कुछ भी संभव है। राजनीतिक लाभ के लिए क्षेत्र में सामाजिक शांति को परेशान किया जा रहा है। राज्य के इस हिस्से में अच्छे शिक्षण संस्थान हैं लेकिन युवा धर्म के जाल में फंसे हुए हैं। भाजपा विकास की बात करने के बजाय भावनात्मक मुद्दे उछाल रही है। हम इस क्षेत्र में विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। कल के बजट में, हमने तटीय कर्नाटक और मछुआरा समुदाय के लिए नई नीतियों की घोषणा की। हम क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिए जो भी करना होगा वह करेंगे। क्षेत्र के बैंकों का विलय उत्तर भारत के बैंकों में किया जा रहा है। इन बातों पर भी यहां के लोगों को सोचने की जरूरत है।



### केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच हुए एमओयू

# राजस्थान को मिलेगा उसके हिस्से का पूरा पानी : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की उपस्थिति में शनिवार को नई दिल्ली में एक त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के बीच हुए इस एमओयू के तहत ताजेवाला से प्रवाह प्रणाली के क्रम में डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। इस योजना के मूर्त रूप लेने के बाद ताजेवाला हेड-वर्क्स से यमुना नदी का पानी मिल सकेगा और बारिश में व्यर्थ बह जाने वाले जल का भी समुचित उपयोग हो सकेगा।

एमओयू के बाद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रोजेक्ट में भूमिगत पाइपलाइनों के माध्यम से यमुना नदी का पानी राज्य के तीन जिलों सीकर, चूरू और झुंझुनू को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना दोनों राज्यों के लिए हितकारी साबित होगी।

इस समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा ध्यान न दिए जाने के कारण यह योजना काफी समय से लंबित थी। इसके धरातल पर उतरने के बाद राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी मिलेगा और शेखावाटी क्षेत्र के तीन जिलों सीकर, चूरू और झुंझुनू की पेयजल समस्या का समाधान हो सकेगा। उन्होंने राजस्थान के हित में इस एमओयू के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री का आभार प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि यमुना जल पर मई 1994 में संपादित समझौते के अनुसरण में राजस्थान को हरियाणा स्थित ताजेवाला हेड पर मानसून के दौरान 1917 क्यूसेक जल आवंटित है। वर्तमान में ताजेवाला हेड से राजस्थान को जल लाने हेतु कैरियर सिस्टम उपलब्ध नहीं है। राज्य द्वारा वर्ष 2003 में हरियाणा की नहरों को रिमॉडलिंग कर राजस्थान में उक्त जल लाए जाने हेतु व पुनः वर्ष 2017 में भूमिगत प्रवाह प्रणाली के माध्यम से जल लाने हेतु हरियाणा सरकार को एमओयू भेजा गया जिस पर हरियाणा राज्य की सहमति प्राप्त नहीं हो सकी थी। पिछले 30 वर्षों के दौरान राजस्थान द्वारा लगातार इस मुद्दे को अपर यमुना रिव्यू कमिटी व अन्य अंतराज्यीय बैठकों में निरंतर रखा गया।

अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री शेखावत के सम्मिलित प्रयासों से शनिवार को ताजेवाला हेड पर आवंटित जल के राजस्थान में पेयजल उपयोग हेतु प्रथम चरण की संयुक्त रूप से डीपीआर बनाने हेतु एमओयू हुआ है। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय की सचिव सुदेबामुखर्जी, राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार तथा कमिश्नर एवं शासन सचिव जल संसाधन हरियाणा पंकज अग्रवाल द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर राजस्थान सरकार, हरियाणा सरकार तथा केन्द्रीय जलशक्ति मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## टोंक के छह स्थानों पर बजरी स्टॉक अनियमितता पर 17 करोड़ 17 लाख की शास्ती राशि राजकोष में जमा कराने के नोटिस जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । टोंक जिले के पलाड़ा, डोडवारी, मूण्डियां, साईदाबाद और मंडावर में बजरी खनन लीज धारकों के बजरी स्टॉक अनियमितता औरं अंतर पाने पर करोड़ों रुपए के सरकारी राजस्व का नुकसान पाया है। माइंस विभाग द्वारा इस पर कार्यवाही करते हुए खननकर्ताओं पर 17 करोड़ 17 लाख 65 हजार 45 रु. की शास्ती जमा कराने के नोटिस जारी किए हैं।

राज्य सरकार द्वारा 15 जनवरी से 31 जनवरी तक अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ चलाये गये राज्यव्यापी अभियान के दौरान विभाग द्वारा कराई जांच और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में अंतर पाये जाने पर टोंक के सहायक खनि अभियंता द्वारा नियमानुसार शास्ती लगाते हुए राशि जमा कराने के नोटिस जारी किये गये हैं। विभाग द्वारा बजरी के मौके पर उपलब्ध बजरी के स्टॉक की 1.62 टन प्रति घनमीटर के अनुसार गणना की गई है।

टोंक के मण्डावर में विभाग द्वारा 510694.63 टन बजरी का स्टॉक आंका गया जबकि संबंधित द्वारा 370114 टन स्टॉक ही दर्शाया गया। इस प्रकार 1,40,580.93 टन अधिक स्टॉक पाया गया। इस पर नियमानुसार 7 करोड़ 02 लाख 90 हजार 315 रु. की शास्ति लगाई गई है। इसी तरह से डोडवाडी में 238583.84 टन बजरी का स्टॉक आंका गया जबकि संबंधित द्वारा 246893 टन ही स्टॉक में दर्शाया गया। इस प्रकार 8309.16 टन स्टॉक कम पाया गया। इस पर नियमानुसार 41 लाख 54 हजार 580 रु. की शास्ती लगाई गई है। टोंक के ही मुण्डिया में 422560.26 टन स्टॉक आंका गया जबकि संबंधित द्वारा 528906 टन स्टॉक पोर्टल पर दर्शाया हुआ था। इस प्रकार 1,06,345.74 टन स्टॉक मौके पर कम पाया गया। इस पर 5 करोड़ 31 लाख 72 हजार 870 रु की शास्री लगाई गई है। इस तरह से इन तीन स्थानों की मय कंपाउंड राशि 12 करोड़ 76 लाख 77 हजार 765 रुपए की शास्ती लगाते हुए नोटिस दिया गया है।

इसी प्रकार से टोंक के ही पालडा में विभाग द्वारा 614796.91 टन बजरी स्टॉक आंकलित किया गया है जबकि संबंधित द्वारा 616598 टन ही स्टॉक पोर्टल पर दर्शा कर 1801.09 टन कम स्टॉक बताया गया है। इस पर 9 लाख 545 रु. की शास्ती लगाई गई है। टोंक के ही सईदाबाद में 467270.31 टन स्टॉक आंका गया है जबकि संबंधित द्वारा पोर्टल पर 413750 टन स्टॉक दर्शाया गया है।

इस तरह से 53520.35 टन अधिक स्टॉक बताया गया है। इस पर 2 करोड़ 67 लाख 60 हजार 175 रु. की शास्ती लगाई गई है। टोंक के ही मुण्डिया में 239482.12 टन स्टॉक होना चाहिए था जबकि पोर्टल पर 206749 टन स्टॉक दिखाया गया है।

इस तरह से 32733.12 टन अधिक स्टॉक दिखाया गया है। जिस पर नियमानुसार एक करोड़ 63 लाख 66 हजार 560 रु. की शास्ती लगाई गई है। इस तरह से इन तीन स्थानों की मय कंपाउंड राशि 4 करोड़ 40 लाख 87 हजार 280 रु. की शास्ती लगाते हुए सहायक खनि अभियंता संजय शर्मा द्वारा नोटिस दिया गया है।



## भजनलाल ने की चौधरी से मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/नई दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी के बीच शनिवार सुबह नई दिल्ली में मुलाकात हुई और इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे श्री शर्मा ने सुबह श्री चौधरी के मदर टैरेसा क्रीसेंट रोड स्थित आवास पर उनसे मुलाकात की तथा विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों के बीच प्रदेश एवं संसदीय क्षेत्र के खेती किसानी सहित आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा हुई। इसके अलावा इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर भी चर्चा हुई।

इस दौनान सिवाना विधायक हमीर सिंह भायल, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी, बालोतरा भाजपा जिलाध्यक्ष बाबू सिंह राजगुरु, बाड़मेर भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य खंगार सिंह सोढ़ा, बालोतरा सभापति सुमित्रा जैन, अनंतराम बिश्नोई, सहित संसदीय क्षेत्र बाड़मेर जैसलमेर से जुड़े जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद थे।



## केंद्रीय कोयला मंत्री और भजनलाल की कोयला मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर/नई दिल्ली। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने इस दौरान अधिकारियों के साथ बैठक कर राजस्थान में कोयले की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने और ऊर्जा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए संयुक्त उपक्रम के माध्यम से सोलर तथा थर्मल पावर प्लांट विकसित करने पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत माह भी संबंधित केन्द्रीय मंत्रियों के साथ बैठक कर राजस्थान में बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा कोयला आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया था जिसके बाद राजस्थान को मिलने वाले कोयले की मात्रा में वृद्धि हुई है। आने वाले गर्मी के मौसम में बिजली की मांग में संभावित वृद्धि को देखते हुए आगे भी पर्याप्त कोयला मिलता रहे, इस बारे में आज शनिवार को हुई बैठक में चर्चा की गई।

## राजस्थान में अगले हफ्ते फिर हल्की बारिश होने का अनुमान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई इलाकों में अगले हफ्ते फिर हल्की बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र जयपुर ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 19 फरवरी को उत्तर-पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक प्रेरित परिसंचरण तंत्र बनने की प्रबल संभावना है। इसके प्रभाव से 19-20 फरवरी को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ भागों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते भी राज्य के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी। बीते चौबीस घंटे में राज्य में न्यूनतम तापमान फतेहपुर में 5.8 डिग्री, अलवर में 6.6 डिग्री, सीकर में 7.4 डिग्री, चुरू में 8.6 डिग्री व सिरोही में 8.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के धौलपुर जिले में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह हादसा तब हुआ जब दिहोली इलाके में एक टेंपो व ट्रैक्टर आपस में टकरा गए। पुलिस ने बताया कि सब्जी ले जा रहे टेंपो को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इसमें टेंपो चालक अजोध्या और दो अन्य - हरिओम और जसवंत की मौत हो गई।

## 5वीं बोर्ड परीक्षा अब अप्रैल में समान परीक्षा के साथ होगी, प्रतिभाशाली बालिकाओं को मिलेंगे पैसे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान के स्कूल में पढ़ने वाले 14.77 लाख छात्र-छात्राओं की पांचवीं बोर्ड परीक्षा अब अप्रैल महीने में जिला समान परीक्षा के साथ ही आयोजित की जाएगी। दरअसल, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शिक्षा विभाग का मानस पहले पांचवीं बोर्ड की परीक्षा मार्च में करवाने का था। लेकिन मार्च में 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाओं सहित आठवीं की परीक्षा होने के कारण सेंटर गठन में समस्या हो रही थी।

ऐसे में अब पांचवीं बोर्ड की परीक्षा हमेशा की तरह होम एग्जाम के साथ अप्रैल में ही आयोजित की जाएगी। शिविर पंचांग के मुताबिक, जिला समान परीक्षा आठ से 25 अप्रैल को प्रस्तावित है। पांचवीं बोर्ड परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा-2023 की प्रतिभाशाली बालिकाओं को 11 से लेकर 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 15 मार्च है। बोर्ड ने ऐसी प्रतिभाशाली बालिकाएं, जिन्होंने राज्य और जिला स्तर पर निश्चित स्थान तक निर्धारित कट ऑफ अंक या इससे अधिक प्राप्त किए हैं। जो अपने परिवार की एक मात्र संतान हैं या फिर परिवार में दो अथवा तीन पुत्रियां हैं, जिनमें से एक पुत्री के लिए संबंधित अभिभावक बोर्ड को आवेदन कर सकते हैं।

जिला स्तर पर कट ऑफ बोर्ड की वेबसाइट पर जारी की है। बोर्ड की ओर से आवेदन, शपथ पत्र का फॉर्मेट एवं आवश्यक निर्देश बोर्ड की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकते हैं। पुरस्कार राशि का भुगतान छात्राओं के स्वयं के बैंक खातों में ऑनलाइन बैंकिंग के माध्यम से किया जाएगा। संबंधित पात्र निदेशक शैक्षिक माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को भिजवा सकेंगे।

बोर्ड ने नोटिफिकेशन में बताया कि पात्र छात्राओं में उच्च माध्यमिक परीक्षा 2023, उच्च माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा 2023, वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा 2023 में राज्य स्तर कट ऑफ पर 51 हजार रुपये और माध्यमिक परीक्षा 2023, माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा 2023, प्रवेशिका परीक्षा 2023 में 31 हजार रुपये और जिला स्तर पर इन्हें 11 हजार रुपये की राशि पुरस्कार में प्रदान की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बेटियों को संबल प्रदान करने और जेंडर भेद रोकने के लिए यह यह अच्छी योजना है। यह योजना बेटियों को उच्च शिक्षा देने के लिए बेहतर है। बोर्ड की ओर से 11 से लेकर 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाती है। पात्र बेटियों को इस योजना में अपनी कट ऑफ के अनुसार आवेदन करना चाहिए।

# प्रत्येक पर्यटक है हमारा अतिथि : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव,पर्यटन श्रीमती गायत्री राठौड़ का कहना है कि पर्यटन का सिरमौर राजस्थान पर्यटकों की पहली पसंद है। यहां आने वाला प्रत्येक पर्यटक हमारा अतिथि है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी की मंशा अनुसार हमारा प्रयास है कि राज्य में आने वाला प्रत्येक पर्यटक यहां यादगार पल बिताकर जाए। इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में पर्यटकों व विशेषकर महिला पर्यटकों के साथ सम्मानजनक व संवेदनशील व्यवहार करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। जागरूकता अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा जिसमें जयपुर समेत जोधपुर, जैसलमेर, उदयपुर, बीकानेर, अजमेर, भरतपुर सहित प्रमुख जिलों के पर्यटन स्थलों पर दुकानदारों, पर्यटक गाइड्स और आमजन को पर्यटकों से संवेदनशील व्यवहार करने का संदेश दिया गया।




श्रीमती राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान पर्यटकों को फीडबैक फॉर्म देकर उनकी समस्याओं को जानकर उसे पर कार्यवाही भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह फीडबैक फॉर्म ऑफलाइन होने के साथ ही ऑनलाइन भी है। इस फीडबैक फॉर्म में एक क्यूआर कोड है जिसे स्कैन करने पर एक गूगल फॉर्म खुलेगा, जिस पर पर्यटक अपनी शिकायतों के साथ साथ सुझाव दे सकते हैं। पर्यटकों द्वारा इस फीडबैक फॉर्म के जरिए पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता का फीडबैक भी दिया जा सकता है।

निदेशक पर्यटन विभाग डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को उपनिदेशक पर्यटन सहायता बल नारायण कुमार बाजिया के नेतृत्व में आमेर में लपकागिरी करते हुए महबूब खान नाम के एक व्यक्ति को पड़कर कार्यवाही के लिए आमेर पुलिस थाने को सुपुर्द किया गया है। उन्होंने बताया कि आमेर किला मार्च पर पर्यटक गाइड को चेक करने पर पर्यटक गाइड रतनलाल सैनी के पर्यटक गाइड सम्बंधि लाइसेंस की अवधि मार्च 2023 में समाप्त होना पाया गया। इसके साथ ही उसे अवैध रूप से पर्यटक गाइड का काम करते हुए पकड़ा गया, जिसे कार्यवाही के लिए आमेर पुलिस थाने को सुपुर्द किया गया। आमेर गांधी चौक पर पर्यटक गाइड चरण लाल बुनकर और अभिषेक सिंह शेखावत को आम सड़क पर पर्यटक वाहनों को रुकवाने तथा जबरदस्ती पर्यटक गाइड करते पाए जाने पर दोनों गाइड के लाइसेंस जब्त किए गए। इसी प्रकार जल महल पर दो नाबालिग बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना चाह रहे थे उनको उपनिदेशक पर्यटन सहायता बल की ओर से समझाया गया तथा बिना अनुमति के ड्रोन ना उड़ाने के लिए पाबंद किया।

## स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने शहर की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

जयपुर/दक्षिण भारत। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने शनिवार को प्रातः नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज के विभिन्न क्षेत्रो का गहन निरीक्षण किया। सुबह 8:30 बजे मुरलीपुरा जोन में डोर टू डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था का जायजा लेकर आम लोगो से कचरा संग्रहण का फीडबैक लिया। इसमें वाहनो की वीटीएस के माध्यम से ट्रेकिंग सिस्टम एवं सूखे-गीले कचरे के उठाव की व्यवस्था को गहनता से जांचा गया। कॉलोनियों में 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण हो तथा अधिकारी वाहनो की सुबह से ही गैराज से निकलने से लेकर अन्तिम घर तक कचरा संग्रहण होने तक व्यवस्था की मॉनिटिरग करे, इस बाबत दिशा निर्देश दिये। सेवापुरा कॉम्पोस्ट प्लांट का निरीक्षण करते हुये बंद प्लांट को शीघ्र प्रारम्भ करने तथा तैयार किये गये 4000 टन कम्पोस्ट को बेचने की कार्य योजना बनाने के लिए भी निर्देशित किया जाकर शीघ्र निस्तारित करने का आदेश दिया गया। मथुरादासपुरा व सेवापुरा में संचालित लिगेसी वेस्ट रिमेडियेशन प्लांट द्वारा प्रतिदिन 6000 टन कचरे का निस्तारण हो रहा है शीघ्र ही समस्त कचरा निस्तारण होगा इसके पश्चात इन स्थलो का सौन्दर्योकिरण करने की योजना बनाने के निर्देश दिये गये । रवि कान्त ने बताया कि दोनो लिगेसि वेस्ट प्लांट से प्रतिदिन लगभग 600 टन ठउ्रू तैयार हो रहा है जिसे राजस्थान के विभिन्न सीमेंट प्लांट को भेजा जा रहा है।

## जयपुर में अपहरण कर रूपये लेने वाली गैंग का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । राजधानी पुलिस ने जयपुर में अपहरण कर रूपये लेने वाली गैंग का खुलासा किया है । पुलिस ने इस मामले में मुख्य सरगना मोहसीन खान उर्फ बबलू समेत चार आरोपियों को धरदबोचा है । पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त वाहन सिफ्ट डिजाइर भी बरामद की है । योगेश गोयल, आईपीएस, पुलिस उपायुक्त (दक्षिण), जयपुर ने बताया कि 25 जनवरी को पुलिस थाना मानसरोवर, जयपुर दक्षिण ईलाके में गुर्जर की थड़ी से एक व्यक्ति से अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर मारपीट की और रूपये अपने जानकारों के पास ट्रान्सफर करवा लिये, जो सम्भवतया एक गैंग कर रही थी । इस प्रकार की घटना करने वाली गैंग पर निगरानी के लिए पुलिस सर्किल मानसरोवर जयपुर दक्षिण में की टीम का गठन किया गया ।

पुलिस टीम को पता चला कि घटना को अन्जाम देने वाले आरोपीगण और वाहन आरजे 37 सीबी 3641 गांव गारिंडा, सीकर में है।सूचना के आधार पर आरोपी मोहसीन खान उर्फ बबलू को गांव गारिंडा, थाना फतेहपुर सदर, जिला सीकर से वाहन समेत धरदबोचा गया।

# बलिया में सिपाही भर्ती परीक्षा में नकल की योजना बनाते 15 व्यक्ति गिरफ्तार

**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलिया में पुलिस विभाग की सिपाही भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने की योजना बनाने के आरोप में 15 लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय कुशवाहा ने कहा, हमने सिपाही भर्ती परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने की योजना बनाने के लिए 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कोतवाली पुलिस थाने की निगरानी टीम ने गिरफ्तारी की है। 'उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड' की सिपाही भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को हो रही है जिसके मद्देनजर पूरे प्रदेश में पुलिस व स्थानीय प्रशासन सतर्क है। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा, स्थानीय पुलिस के साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी इस पुलिस भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी तरह के अनुचित साधनों का उपयोग ना होने पाए।

बलिया पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, जिले की रसड़ा पुलिस टीम ने पुलिस भर्ती परीक्षा के कुछ घंटे पूर्व परीक्षा पास कराने का झांसा देकर अभ्यर्थियों से कथित तौर पर पैसे की वसूली करने वाले सलीम अंसारी (33 वर्ष) नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रसड़ा थाना क्षेत्र के कोटवारी मोड़ के पास बलिया मार्ग पर स्थित एक दुकान पर छापा मारकर सलीम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अंसारी के पास से 8.99 लाख रुपए जब्त किए जो उसने कथित तौर पर भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले विभिन्न अभ्यर्थियों से लिए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, पुलिस ने सलीम के पास से भर्ती परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थियों के 16 प्रवेशपत्र, 12 मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र, स्वयं के चार फर्जी आधार कार्ड, एप्पल का एक मोबाइल फोन तथा एक डायरी भी बरामद की है। इस मामले में सलीम के विरुद्ध रसड़ा थाने में नामजद मामला दर्ज किया गया है।

# ईडी ने धन शोधन मामले में बीजद विधायक को तलब किया

**भुवनेश्वर/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित धन शोधन मामले में बीजू जनता दल (बीजद) के वरिष्ठ विधायक और ओडिशा के पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल और उनके बेटे को तलब किया है। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी ने बारापाड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज की भूमि से जुड़ी अनियमितताओं के संबंध में सामल और उनके बेटे प्रयासकांति को समन जारी किया है। पिता-पुत्र को सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। इससे दो दिन पहल ईडी ने सामल से जुड़े विभिन्न परिसर पर छापेमारी की थी।

एजेंसी ने शनिवार को 'एक्स' पर कहा, ईडी ने पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 15 फरवरी को ओडिशा के भद्रक और भुवनेश्वर शहरों में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था, जो बारापाड़ा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (बीएसईटी) सोसायटी के प्रयासकांति सामल (पूर्व अध्यक्ष), मनोज कुमार गोस्वामी (सचिव) और अन्य से संबंधित हैं। इन पर जालसाजी और धोखाधड़ी के जरिये सोसायटी के पैसे का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज हुआ है। इसने कहा, तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, डिजिटल उपकरण, नौ लाख रुपए नकद, बिना तरीख वाले चेक, जमीन से जुड़े कागजात और एक टोयोटा फॉर्च्यूनर कार को बरामद करके जब्त किया गया। सूत्रों ने कहा कि वाहन एक निर्माण कंपनी 'तृष्णा स्काईस्क्रेपर लिमिटेड' के नाम पर पंजीकृत है।

# अनमोल शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है : गोपीचंद



**नई दिल्ली/भाषा।** बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में अनमोल खरब के शानदार प्रदर्शन के बाद मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने कहा कि वह निर्भीक और समझदार खिलाड़ी है जो शीर्ष खिलाड़ियों को हरा सकती है। फरीदाबाद की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनमोल ने जापान के खिलाफ निर्णायक मैच में दुनिया की 29वें नंबर की खिलाड़ी नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचाया। अनमोल दिसंबर 2023 में सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियन बनी थीं। उन्होंने बुधवार को अपने ग्रुप मैच में चीन की वु लुओ यु पर तीन गेम में रोमांचक जीत हासिल की थी। यह उनका पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है।

गोपीचंद ने पीटीआई से कहा, मुझे लगता है कि दो मैच का नतीजा इस बात का प्रमाण है कि वह शीर्ष खिलाड़ियों को भी हरा सकती है। दबाव में इस तरह का संयम दिखाना काफी ताजगी भरा है। वह निर्भीक है। वह जिस तरह के स्ट्रोक खेलती है, वो सभी नैसर्गिक हैं। उन्होंने कहा, वह खेल को अच्छी तरह समझ रही है और आप उसकी बुद्धिमता देख सकते हो। वह अच्छा खेली। निश्चित रूप से प्रतिद्वंद्वी आने वाले समय में उसका खेल पढ़ लेंगे जिससे उसे अपनी गलतियों पर काम करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार खेली। गोपीचंद ने कहा, उसने अच्छी चुनौती पेश की। वह निर्भीक और समझदार है।

# प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने प्रयागराज में मध्यस्थता केंद्र का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शनिवार को यहां मध्यस्थता केंद्र (आर्बिट्रेशन सेंटर) का उद्घाटन किया और 'कोर्ट ऑफ उत्तर प्रदेश' पुस्तक का विमोचन किया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ रहा है। ऐसे में प्रदेश में उद्योग लगेंगे और इस लिहाज से न्यायिक क्षेत्र का विस्तार होना जरूरी है। उन्होंने न्यायालयों में बढ़ रहे मामले पर चिंता जताते हुए कहा, अधीनस्थ अदालतें जहां समस्याओं के समाधान की शुरुआत होती हैं, वहां पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। उच्चतम न्यायालय में बहुत सारे ऐसे मामले बढ़ रहे हैं जिन्हें अधीनस्थ अदालतों में ही निस्तारित कर दिया चाहिए। छोटे मामले में यहां से जमानत नहीं मिलने से लोग उच्चतम न्यायालय तक आ रहे हैं और वहां दबाव बढ़ रहा है। प्रधान न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं और विधि पेशे से संबद्ध अन्य लोगों से प्रौद्योगिकी से जुड़ने की अपील करते हुए कहा, मैं सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं से प्रौद्योगिकी से जुड़ने, टैबलेट और लैपटॉप पर कार्य करने के लिए कहता हूं और बहुत सारे लोग अब यह कर रहे हैं। उन्होंने अधीनस्थ अदालतों में आ रही युवा पीढ़ी की चर्चा करते हुए कहा कि यह पीढ़ी अलग तरह से सोचती है और इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं आ रही हैं। वे यहां अपना भविष्य सुरक्षित समझती हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में बतौर मुख्य न्यायाधीश अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए चंद्रचूड़ ने कहा, मैं शहरी परिवेश में पला बढ़ा लेकिन भारत के दिल उत्तर प्रदेश में आकर बहुत कुछ सीखने, जानने को मिला। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुझे अलग तरह के वाद से सामना करना पड़ा।

# बिहार : नीतीश कुमार ने लालू की 'द्वार खुले होने की' टिप्पणी को नहीं दी तवज्जो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद की उस टिप्पणी को अधिक तवज्जो नहीं दी कि ''नीतीश कुमार के लिए द्वार हमेशा खुले हैं। कुमार ने कहा कि उनके संबंध सहयोगियों के साथ-साथ विरोधियों के साथ भी अच्छे हैं।

जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख कुमार अपने पूर्व सहयोगी लालू प्रसाद की टिप्पणी पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। कुमार और लालू को बृहस्पतिवार को विधानसभा परिसर के अंदर गर्मजोशी से हाथ मिलाते देखा गया था। कुमार ने कहा, मैं सहयोगियों और विपक्षी दलों के नेताओं के साथ अच्छे संबंध बरकरार रखता हूं। मैं जब भी उनसे मिलता हूं तो उनसे हाथ मिलाता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं यह नहीं सोचता कि कौन क्या कहता है... चीजें ठीक नहीं चल रही थीं, इसलिए मैंने उनका (राजद) साथ छोड़ दिया। कुमार के महागठबंधन से अलग होने के कुछ दिनों बाद शुक्रवार को लालू प्रसाद ने कहा कि उनके (नीतीश) लिए द्वार हमेशा खुले हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह भविष्य में नीतीश को एक और मौका देंगे, लालू ने कहा, अब आएंगे तो देखेंगे। दरवाजे हमेशा खुले हैं। कैबिनेट विस्तार के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा, यह हो जाएगा। सब ठीक चल रहा है।

# भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने का विरोध करता है मिजोरम : लालदुहोमा



**आइजोल/भाषा।** मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने शनिवार को एक बार फिर कहा कि उनकी सरकार भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने और मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) को समाप्त करने के विरोध में है। लालदुहोमा ने यहां एनजीओ समन्वय समिति (एनजीओसीसी) के नेताओं के साथ बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा सीमा का निर्धारण ब्रिटिश शासन द्वारा मिजो समुदाय को अलग थलग करने वाली फूट डालो और राज करो की नीति के माध्यम से किया गया था। उन्होंने कहा कि भारत और म्यांमा में रहने वाले मिजो समुदाय के लोग अभी भी एक प्रशासनिक इकाई के तहत पुन: एकीकरण का सपना देखते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि म्यांमा के साथ मुक्त आवाजाही व्यवस्था (एफएमआर) जारी रहे।

लालदुहोमा ने कहा कि उन्होंने जनवरी और फरवरी में दो मौकों पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें भारत-म्यांमा सीमा पर बाड़ लगाने तथा एफएमआर हटाने पर मिजोरम के रुख के बारे में बताया था। जोरम पीपुल्स मूवमेंट के नेता ने कहा कि उन्होंने गृह मंत्री से मिजोरम की ओर बाड़ नहीं लगाने का आग्रह किया है, भले ही भारत-म्यांमा सीमा के मणिपुर खंड की ओर बाड़ लगाई जाए।



# भाजपा लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतेगी : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से पार्टी तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने पिछले दशक में प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना की जो पार्टी संगठन के लिए नई उपलब्धियों से भरा रहा है। नड्डा ने यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में मौजूद प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार 'हैट्रिक' लगाएगी और लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेगी।

यहां प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन की दो दिवसीय बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नड्डा सहित केंद्रीय मंत्री, पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, राज्यों के मंत्री, राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पदाधिकारी, सांसद और विधायक सहित लगभग 11,500 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। नड्डा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा, हमें 370 से अधिक सीट हासिल करनी हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीट का आंकड़ा पार करना है। उन्होंने पार्टी सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा लगा दें ताकि पार्टी अपने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दे। नड्डा ने जब प्रधानमंत्री के कार्यकाल की मुख्य बातों का उल्लेख करते हुए महिला आरक्षण कानून और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जिक्र किया तो देशभर से आए हजारों पार्टी प्रतिनिधियों ने खड़े होकर मोदी के समर्थन में नारे लगाए।

# किसान 21 फरवरी को चार राज्यों में धरना देंगे : राकेश टिकैत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुजफ्फरनगर (उप्र)/भाषा।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में धरना देंगे। टिकैत ने यह भी बताया कि शनिवार को यहां सिसौली में हुई पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा से सरकार द्वारा किसानों की मांगें नहीं माने जाने पर 26 और 27 फरवरी को दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च निकालने को कहा गया है।

पंचायत ने हरियाणा और पंजाब में हुई घटनाओं की भी निंदा की है। यह पंचायत संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा बुलाए गए किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च के बीच आयोजित की गई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए किसान पंजाब और हरियाणा के दो सीमा बिंदुओं पर मौजूद हैं जहां उनकी हरियाणा के पुलिस कर्मियों के साथ झड़प हुई है और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं।

# रायबरेली सीट गांधी परिवार के पास रहेगी : उप्र कांग्रेस अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से गांधी परिवार के एक सदस्य के चुनाव लड़ने का संकेत देते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को कहा, यह सीट गांधी परिवार के पास रहेगी।

मीडिया के साथ बातचीत के दौरान राय ने कहा, रायबरेली के लोगों का गांधी परिवार के साथ पीढ़ियों से गहरा नाता रहा है। यह सीट गांधी परिवार की है और गांधी परिवार के पास रहेगी। यह पूछे जाने पर कि गांधी परिवार से कौन वहां से चुनाव लड़ेगा, राय ने कहा, इस पर निश्चित रूप से उन लोगों (गांधी परिवार) द्वारा निर्णय किया जाएगा। 2004 से रायबरेली सीट से सांसद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को सूचित किया कि वह स्वास्थ्य कारणों से लोस चुनाव नहीं लड़ेंगी। रायबरेली के लोगों को संबोधित अपने पत्र में 77 वर्षीय नेता सोनिया गांधी ने लिखा, इस निर्णय के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। मुझे पता है कि आप पहले की तरह मेरे और मेरे परिवार का साथ भविष्य में भी देंगे।

# मशहूर कवि गुलजार, संस्कृत विद्वान रामभद्राचार्य ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं।

इससे पहले उन्हें उर्दू में अपने कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं।

चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं।

ज्ञानपीठ चयन समिति ने एक बयान में कहा, यह पुरस्कार (2023 के लिए) दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है - संस्कृत साहित्यकार जगद्गुरु रामभद्राचार्य और प्रसिद्ध उर्दू साहित्यकार गुलजार। वर्ष 2022 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार गोवा के लेखक दामोदर मावजो को दिया गया।



# सचिन तेंदुलकर ने कश्मीर में बल्ला बनाने वाली इकाई का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर जब अपने परिवार के साथ शनिवार को यहां के संगम क्षेत्र में क्रिकेट बल्ला बनाने वाली इकाई पहुंचे तो उन्हें देखकर इसके मालिक और कारिगर खुशी से हैरान रह गए।

तेंदुलकर अपनी पत्नी और बेटी सारा के साथ श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर चारसू में एक इकाई में पहुंचे और वहां काम करने वाले श्रमिकों से बातचीत की। एमजे स्पोर्ट्स के मालिक मोहम्मद शाहीन पार्रे ने फोन पर पीटीआई से कहा, हम बल्ला बनाने के काम में व्यस्त थे तभी एक कार हमारे गेट के सामने आकर रूकी। हम देखा कि इसमें से 'लिटिल मास्टर' और उनका परिवार निकला। हमें बहुत खुशी हुई। उन्होंने बताया कि तेंदुलकर ने कश्मीरी लकड़ी (विलो) से बने बल्लों की गुणवत्ता देखी।

पार्रे ने कहा, उन्होंने कुछ बल्लों को जांचने के लिए स्ट्रोक लगाए और वे काफी खुश थे। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि वह कश्मीरी 'विलो' और इंग्लिश 'विलो' के बल्लों की तुलना करने के लिए आए थे। उन्होंने कहा, हमने उनसे अनुरोध किया कि वे स्थानीय बल्लों के समर्थन करें और उन्होंने ऐसा करने का वादा भी किया। सचिन तेंदुलकर ने करीब एक घंटा वहां बिताया और अपने प्रशंसकों से बात भी की।

# पश्चिम बंगाल: विहिप ने शेरनी का नाम 'सीता' रखने के खिलाफ याचिका दायर की

**सिलीगुड़ी (प.बंगाल)/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर की है जिसमें दावा किया गया है कि त्रिपुरा से यहां बंगाल सफारी पार्क में स्थानांतरित की गई एक शेरनी का नाम ''सीता'' रखा गया है। याचिका में यह नाम बदले जाने का अनुरोध किया गया है। विहिप के वकील ने शनिवार को यह जानकारी दी। पार्क के अधिकारियों ने हालांकि इस बात से इनकार किया है कि शेरनी को ऐसा कोई नाम दिया गया था। विहिप ने दावा किया कि 12 फरवरी को त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान से एक शेर और शेरनी को लाया गया था और शेर का नाम ''अकबर'' रखा गया।

याचिकाकर्ता के 'एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड' शुभंकर दत्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विहिप की उत्तर बंगाल इकाई ने 16 फरवरी को याचिका दायर की और मामले की सुनवाई 20 फरवरी को अदालत की एकल पीठ के समक्ष होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि शेरनी का नाम बदल दिया जाए क्योंकि किसी जानवर का ऐसा नाम रखने से धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं।

# जायसवाल का शतक, भारत ने शिकंजा कसा



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राजकोट/भाषा।** भारत ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, नौ चौके, पांच छक्के) ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा सैकड़ा जड़कर वह 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

दिन का खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, छह चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव तीन रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल (22 वर्ष) के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार क्रीज पर उतरे लेकिन वह खाता भी नहीं खोल सके और रेहान अहमद की गेंद पर आउट हो गए। जायसवाल शुरू में आक्रामक नहीं थे लेकिन फिर उन्होंने इंग्लैंड के गेंदबाजों के खिलाफ तेजी से रन जुटाने का फैसला किया।

इसकी शुरुआत उन्होंने जेम्स एंडरसन पर दो चौके और एक छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। इसके बाद अगले ओवर में टॉम हार्टले पर दो छक्के जड़ दिए।

इंग्लैंड ने अपनी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बरकरार रही। इस भारतीय बल्लेबाज ने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। इंग्लैंड के मार्क वुड को गेंदबाजी पर लगाने के बाद जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने अपना तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज को पीठ में खिंचाव के कारण रिटायर होना पड़ा।

इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। पहली पारी के शतकवीर रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट लगाने की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पहली पारी की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पांचवां अर्धशतक जड़ा।

# ज्योति ने 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ स्वर्ण जीता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तेहरान/भाषा।** भारतीय धाविका ज्योति याराजी ने शनिवार को यहां एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में 8.12 सेकेंड का समय लेकर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सौ मीटर बाधा दौड़ में 2022 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ने पिछले साल इसी स्पर्धा में 8:13 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला था। वह तब उपविजेता रही थीं।

इससे पहले 24 साल की इस एथलीट ने 8:22 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में शीर्ष स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में उन्होंने जापान की असुका टेरेडा (8.21 सेकेंड) से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। हांगकांग की लुई लाई यियू (8:26 सेकेंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। ज्योति 100 मीटर बाधा दौड़ में मौजूदा एशियाई आउटडोर चैंपियन हैं। उन्होंने पिछले साल बैंकॉक में खिताब जीता था। उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था।

# राहुल गांधी की भदोही की यात्रा रद्द, वायनाड रवाना हुए

**भदोही (उप्र)/भाषा।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई करते हुए बिहार से उत्तर प्रदेश पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चंदौली और वराणसी की यात्रा के बाद भदोही की यात्रा रद्द कर दी और वह वायनाड रवाना हो गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने शनिवार को रजपुरा चौराहे पर होने वाली जनसभा के मंच से यह जानकारी दी। मीडिया से बातचीत में तिवारी ने बताया की शाम करीब चार बजे उन्हें यात्रा रद्द होने की जानकारी मिली। राहुल गांधी को किसी आकस्मिक कारणों से अपने लोकसभा क्षेत्र में जाना पड़ रहा है जिसकी वजह से गाँधी वाराणसी से हवाई अड्डा चले गए जहां से वह वायनाड जा रहे हैं।

## सुविचार

**धर्म ही हमारे राष्ट्र की जीवन शक्ति है। यह शक्ति जब तक सुरक्षित है, तब तक विश्व की कोई भी शक्ति हमारे राष्ट्र को नष्ट नहीं कर सकती।**

## ट्वीट

जीवनभर ताकत लगाकर एक विशालकाय पार्टी बनाने में लालकृष्ण आडवाणी जी ने अहम योगदान दिया। इसके अलावा एक लंबा राजनीतिक, सार्वजनिक जीवन जिस सुचिता के साथ जिया, वो हम सब के लिए उदाहरण है।

-जेपी नड्डा



17-18 फरवरी को नई दिल्ली में आयोजित हो रहे भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए भारत मंडपम् में सबसे पहले उपस्थित दर्ज करवाई; आज यहां पर अब लोकसभा कार्ययोजना की बैठक प्रारंभ होगी।

-सतीश पूनिया



## कहानी

# अम्माएँ

दूधनाथ सिंह

वह विशाल, हरा पेड़... जैसे वह पूरी धरती पर अकेला था। और दूर-दूर तक, जहाँ तक नजर जाती, धरती फटी हुई थी। उसमें बड़ी-बड़ी दरारें थीं। केवल चिलचिलाता वीराना था, जिसमें कहीं-कहीं धूसर-मटमैली, न-दिखती-हुई-सी बस्तियाँ थीं – मिट्टी के तितर-बितर ढूहों के खँडहर, जो हमारे रजिस्टर में दर्ज थे। अनंत-अछोर उन सूखे मैदानों में किसानों ने अपने डाँगर छोड़ दिए थे। चौंधा मारती धूप के उस सन्नाटे में हड्डियों के हिलते-काँपते झुंड अचानक दिख जाते, जो न जाने किधर और कहाँ दबी-ढँकी घास की हरी-हरी पत्तियाँ ढूँढ़ते, सूखे और काले निचाट में थूथन लटकाए इधर-उधर डोल रहे थे। हमारी जीप धूल उड़ाती, उस छतनार पेड़ की ओर बढ़ रही थी। उसके पास ही तीन-चार घरों का एक खँडहर था। हमने वहाँ पहुँचकर जीप रोकी और नीचे उतरकर खड़े हो गए। एक खँडहर से सात-आठ बच्चे किलबिल करते निकले और हमें देखते ही अंदर भाग गए। हमने समझा कि वे कपड़े-वपड़े पहनने गए होंगे! क्योंकि वे सभी नंग-धड़ंग थे। इतनी भीषण गर्मी है और हवा बंद है, इन खुले-बेछोर मैदानों में भी आर-पार बंद है, ऐसे में कपड़े तन पर काटते हैं – यही हमने सोचा और बच्चों के फिर से बाहर आने का इंतजार करने लगे। और पाकड़ का यह विशाल वृक्ष! वह कहाँ से रस खींचता हुआ इतना बड़ा हुआ था? क्योंकि पिछले छह-सात सालों से इधर, पूरे बुंदेलखंड में बारिश की एक बूँद नहीं गिरी थी। लोग बताते थे कि इतना लंबा सूखा तो उनके होश में कभी नहीं पड़ा था। बाग-बगीचे, बँसवारियाँ, यहाँ तक कि घर छाने वाले सरपत भी राख हो चुके थे। अब वे दुबारा कभी नहीं उगेंगे, क्योंकि धरती के अंतस का सारा जल खतम है...

तभी जनगणना आ गई थी।

हमें इस इलाके की जनसंख्या रजिस्टर में भरनी थी। फॉर्म में तरह-तरह के कॉलम थे। हमारी जीप एक बस्ती से दूसरी खँडहर बस्ती। अक्सर लोग जीप की घर्र-घर्र सुनते ही घरों से भाग जाते। हम महीने-भर से इधर ही थे। हमें क्या और कैसे बोलना था, हमें रट गया था।

नाम?

पिता का नाम?

क्योंकि हमारे एक कारकुन ने 'बाप का नाम' बोला था तो पिट गया था। 'बाप' बोलता है? और वह आदमी चढ़ बैठा था। बीच-बचाव करना पड़ा था और फिर सारे मर्द गाँव छोड़कर भाग गए थे। सरकारी लोग हैं, पुलिस आ सकती है। तब से हम 'बाप' की जगह 'पिता' का नाम पूछने लगे थे।

पता – हवाल? साकिन-मौजा?

बच्चे कितने? बच्चों का क्या करोगे? वह आदमी बाघ की तरह चौकन्ना हो गया था।

पेशा? माने, क्या करते हो?

उम्र? कितनी? नकारात्मक सिर।

सही-सही बोलना। छिपाना मत।

तुम्हारा नाम इस रजिस्टर में दर्ज होगा तभी सब कुछ होगा। 'क्या सब-कुछ होगा' – चेहरे पर यह भाव। अगर नहीं, तो तुम कहाँ के बाशिंदे हो, तुम्हारे पुरनियाँ कौन थे, तुम्हारी जमीन? खुदकाश्त, भूमिधरी, बँटाई, अधिया, सिकमी?

कुछ पता नहीं चलेगा। पुलिस तुम्हें धर लेगी।

तुम चोर-डकैत-खूनी। चंबल के बीहड़ों में घूमने वाले! तुम्हारे ऊपर कोई भी इल्जाम आ सकता है। तुम हवालात में, जेल में, पुलिस के डंडे के नीचे। यह खबर आग की तरह फैली। नतीजा? सारे मर्द गायब। अगर इस हादसे की शिकायत हुई तो 'हम नप जाएँगे' – एक क्लर्क ने कहा।

बैठने की और कोई जगह नहीं थी। सिर्फ उस पेड़ की घनी छाँह, जो सुकून थी, एक अविश्वसनीय सपना थी। हमने अपनी बड़ी-सी सफरी दरी निकाली और चार जनों ने चारों कोने पकड़कर उसे धूल के ऊपर बिछाया। वहाँ चींटियों के बड़े-बड़े बिल थे। धूल, जो हल्की गर्म थी। और हवा गुम। और चारों ओर एक गर्म सन्नाटा।

हमारा चपरासी उस मिट्टी के खँडहर तक गया।

सामने का किवाड़ बंद था, लेकिन बगल से आधा घर टूटा हुआ था।

'उधर से छोटे-छोटे, नंग-धड़ंग बच्चे निकलकर झाँकते और अंदर भाग जाते। अंदर कौन-कौन है? बाहर निकलो और नाम-पता लिखाओ।' चपरासी उस बंद किवाड़ के पास जाकर चिल्लाया।

तीन-चार बच्चों ने घर के टूटे हुए हिस्से की तरफ से झाँका, खिलखिलाकर हँसे और अंदर भाग गए।

'ए, भीतर कौन-कौन है?' चपरासी ने फिर हाँक लगाई।

बच्चों का एक झुंड फिर घर के उस ढहे हुए ढूह से बाहर निकला।

'हमारी अम्माएँ हैं, और कोई नहीं है।' एक बच्चे ने साहस किया।

अब वे सभी खँडहर की टूटी-फूटी दीवारों पर चढ़कर खड़े हो गए।

अपनी अम्माओं से बोलो कि बाहर आकर नाम-पता लिखाएँ। अपनी अम्माओं से बोलो कि 'डरें नहीं। हम लोग सरकारी आदमी हैं।' चपरासी कुछ इस तरह ऊँची आवाज में बोल रहा था, जिससे अंदर बैठी औरतें सुन लें।

'भीतर कितनी अम्माएँ हैं?' चपरासी ने पूछा।

एक लड़के ने पंजे की तीन उँगलियाँ ऊपर कीं, दूसरे ने चार, तीसरे ने पूरा पंजा। फिर वे खिलखिल करते भीतर भाग गए।

'बड़ा चक्कर है साहब, और मरद-मानुस कोई दिख नहीं रहा।' चपरासी पसीने से तर-ब-तर था।

'बच्चे खेल कर रहे हैं, शायद अंदर कोई है नहीं।' मैंने कहा।

'अंदर कोई नहीं होगा, तो इतने बच्चे कहाँ से आए!' चपरासी को जैसे मेरी नादानी पर तरस आया।

'आगे बढ़ते हैं।' हमारे बीच से कोई बोला।

'लेकिन यह खँडहर दर्ज है साहब, छूट जाएगा।' कारकुन ने लिस्ट चेक की।

छूट जाएगा तो कौन जनसंख्या की कमी हो जाएगी!' इस पर एक साथ सभी लोग हँसे।

'सब नंगे थे।' बच्चों के बारे में।

'चिरकुट भी नहीं था।' चपरासी ने कहा।

'कितनी गर्मी है।'

'फिर भी साहेब, इस तरह नंगे थोड़े कोई रहेगा!'

मेरा दिमाग अजब फितूरी है। बाहर कुछ और होता रहता है और भीतर कुछ और चलता रहता है। जितनी बार बच्चे निकले, चाहे झुंड में, या वह अकेला किशोर-वय – सभी निपट नंगे थे। तो भीतर क्या-कुछ चल रहा है? स्त्रियाँ बाहर क्यों नहीं आ रहीं? और मर्द लोग? वे इस निपट वीराने में इस जनसंख्या को इस तरह निपट-निराधार छोड़कर कहाँ चले गए हैं? जब यह दृश्य घटित हो रहा था, मैं अचानक गुड़गाँव के मॉल्स में टहल रहा था। चारों ओर वस्त्रों के ढेर के ढेर की सजावट। कोई अपनी नाजनीं से फुसफसा रहा था, 'इसमें चलते-चलते थक जाओगी, यह एक-डेढ़ किलोमीटर लंबा है। जो खरीदना है, ले लो।' इतने कपड़े, इतनी तरह के, इतनी नाप के... वस्त्रों के उस लंबे गलियारे में... यहाँ से न जाने कहाँ तक। जयपुर हाइवे के बिल्कुल बगल तक। मैंने काँच की चमकती, विशाल दीवार के पार देखा। इतने रंग एक साथ झूल रहे थे। और इतनी सुहानी ठंडक, जैसे मैं शिमला के मॉल के नीचे की सीढ़ियों से उतरकर विंडो-शॉपिंग कर रहा हूँ। कुछ खरीद नहीं रहा, लेकिन जेम्स बांड की तरह अपने ओवरकोट की जेबों में हाथ डाले मेरी चहलकदमी पर किसी को भी एतराज नहीं है, और सभी मंद-मंद मुस्कुरा रहे हैं। ठीक इसी तरह मेरी आत्मा वहाँ मीलों लंबे वस्त्र-बाजार में टहल रही थी, जबकि मैं वहाँ था, उस पेड़ के नीचे, चूतड़ों पर गर्म-धूल और चींटियों के बिल और अपने कारकुनों के साथ, एक खँडहर का सामना करते हुए, जिसके भीतर शायद एक निर्वसन-निचाट खलबली थी। इसी तरह... ठीक इसी तरह, जब उन बच्चों में से एक ने कहा, अम्माएँ हैं, और कोई नहीं हैं' तो वहाँ बैठे-बैठे मैं अपनी माँ को सोच रहा था, जो बेवजह और मामूली घरेलू फसाद पर गुस्सा होकर कुएँ में डूब मरी।

तभी एकाएक सामने का दरवाजा खुला। एक हट्टी-कट्टी औरत एक मुचड़ी हुई, चमकीली, धराऊँ साड़ी पहने, उसकी तुड़ी-मुड़ी सलवटें हाथ से सहलाती बाहर निकली। हम सभी उठकर खड़े हो गए। नहीं, किसी दहशत में नहीं, उसके इस तरह स्तब्धता से प्रकट होने पर। उधर खँडहर पर सारे नंग-धड़ंग बच्चे निकलकर चुपचाप खड़े हो गए। जैसे कोई दुर्घटना होने जा रही हो। चपरासी, जो फिर आवाज लगाने जा रहा था, सहमा हुआ, कुछ दूरी बनाए हुए उसके पीछे चल रहा था।

'हाँ, पूछिए।' उस औरत ने अत्यंत विनम्र और निडर आवाज में कहा।

'आपका नाम?'

'नहीं पता,' औरत ने हाथों से इनकार किया।

'आपके पति का नाम?'

'नहीं लेते।' कारकुन मुस्कुराया। 'कोई औरत इधर नहीं लेती जी।' एक क्लर्क ने कहा।

'कहाँ हैं आपके पति?'

'पता नहीं।'

'आप लोग अकेले रहते हैं यहाँ?'

'नहीं तो।' उस औरत ने बच्चों की ओर नजर दौड़ाई।

'ये आपके बच्चे हैं?'



**एक खँडहर से सात-आठ बच्चे किलबिल करते निकले और हमें देखते ही अंदर भाग गए। हमने समझा कि वे कपड़े-वपड़े पहनने गए होंगे! क्योंकि वे सभी नंग-धड़ंग थे। इतनी भीषण गर्मी है और हवा बंद है, इन खुले-बेछोर मैदानों में भी आर-पार बंद है, ऐसे में कपड़े तन पर काटते हैं - यही हमने सोचा और बच्चों के फिर से बाहर आने का इंतजार करने लगे। और पाकड़ का यह विशाल वृक्ष! वह कहाँ से रस खींचता हुआ इतना बड़ा हुआ था? क्योंकि पिछले छह-सात सालों से इधर, पूरे बुंदेलखंड में बारिश की एक बूँद नहीं गिरी थी। लोग बताते थे कि इतना लंबा सूखा तो उनके होश में कभी नहीं पड़ा था।**

'नहीं, हम तीनों के।'

'अंदर तीन अम्माएँ होंगी साहब!' चपरासी ने कहा। औरत ने चपरासी की ओर देखा। 'तो उन्हें भी बुलाइए।' मैंने कहा। 'थोड़ी देर लगेगी।' औरत ने कहा।

'क्यों? देर क्यों लगेगी?' मुझे थोड़ा-थोड़ा गुस्सा चढ़ रहा था। चींटियाँ न जाने किधर से दरी पर चढ़ी आ रहीं थीं और इधर-उधर दौड़ भाग रही थीं।

'क्यों देर लगेगी?' मैंने एक चींटी को मसलते हुए पूछा। 'नहीं बता सकते।' औरत ने कहा।

'क्यों... क्यों-क्यों?' 'नहीं बता सकते।'

औरत ने फिर दुहराया। तो मत बताइए, 'उन लोगों को भेजिए फिर।' मेरा गुस्सा भड़क रहा था।

'थोड़ी देर लगेगी।'

'फिर वही बात।' मैं बिफर पड़ा।

हुजूर, नंगी तो नहीं आ सकतीं। वो तो बच्चे हैं, उसने खँडहर पर खड़े बच्चों की ओर देखा, मैं जाऊँगी, यह साड़ी खोलूँगी, तब न! साड़ी बाँधने में थोड़ी देरी तो लगेगी कि नहीं?' औरत मुड़ी और उस अधखुले दरवाजे के भीतर गुम हो गई। फिर दरवाजे के बंद होने की आवाज हुई फटाक। हमने पलटकर उधर देखा।

हम सबका मुँह खुला। हम सबने एक ही कल्पना की – अम्माएँ और बच्चे। उस आदिम अवस्था की कल्पना में हमारी आँखें फटी रह गईं। हमारा चपरासी कुछ बोल रहा था, वो दूसरी-तीसरी भी कुछ नहीं बोलेंगी साहब! तो क्या जरूरत है साहब! कुछ भी लिख लीजिए साहब – 'तीन अम्माएँ और बच्चे पता नहीं सात-आठ कि नौं,' 'और इनके आदमी?' चपरासी ने चिलकती धुंध में देखा, 'यहाँ से भागिए साहब।'

मैंने घबराकर चारों ओर चौंधियाती धूप में बंजर धरती पर नजरें गड़ाईं।

डाँगर पशुओं का एक झुंड हिलता-काँपता न जाने किधर को बढ़ रहा था।

सब कुछ बेआवाज।

## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# मानस प्रश्नोत्तरी

एक व्यक्ति को नरश्रेष्ठ कहलाने होने की इच्छा हुई। इच्छा होना और भाव जगने में बड़ा अंतर है। इच्छा का तो दिनचर्या में कई बार जन्म होता है, कई बार मरण होता है। भाव की बात अलग है। इच्छा स्थितियों से प्रभावित हो सकती है जबकि काल, पात्र, परिस्थिति, भाव के आगे निर्बल होते हैं। नानाविध विचार कर व्यक्ति मार्गदर्शन लेने एक साधु के पास पहुँचा। व्यक्ति और साधु में कुछ यों प्रश्नोत्तर हुए-

श्रेष्ठ मनुष्य बनने के लिए क्या करना चाहिए?

– पहले मनुष्य बनने का प्रयास करना चाहिए।

मनुष्य बनने के लिए क्या करना चाहिए?

– परपीड़ा को समानुभूति से ग्रहण करना चाहिए।

परपीड़ा को समानुभूति से ग्रहण करने के लिए क्या करना चाहिए?

– परकाया प्रवेश आना चाहिए।

परकाया प्रवेश के लिए क्या करना चाहिए?

– अद्वैत भाव जगाना चाहिए।

अद्वैत भाव जगाने के लिए क्या करना चाहिए?

– जो खुद के लिए चाहते हो, वही दूसरों को देना आना चाहिए क्योंकि तुम और वह अलग नहीं हो।

'मैं' और 'वह' की अवधारणा से मुक्त होने के लिए क्या करना चाहिए?

– सत्संग करना चाहिए। सत्संग 'मैं' की वासना को 'वह' की उपासना में बदलने का चमत्कार करता है।

सत्संग के लिए क्या करना चाहिए?

–अपने आप से संवाद करना चाहिए। हरेक का भीतर ऐसा दर्पण है जिसमें स्थूल और सूक्ष्म दोनों दिखते हैं। भीतर के सच्चिदानंद स्वरूप से ईमानदार संवाद पारस का स्पर्श है जो लौह को स्वर्ण में बदल सकता है।

लौह के स्वर्ण में बदलने की यह भावात्मक प्रक्रिया विभिन्न चरणों में होती है। सच्चा सत्संगी स्वयं से संवाद करना आरम्भ करता है। जिस तरह स्वयं से संवाद करता है, अगले चरणों में उसी भाँति हरेक से संवाद करने लगता है। अब हरेक में वह है, अब वही हरेक है। स्व का यह विस्तार मनुष्य को अमृतपान कराता है। सारा विषाद, मत्सर, ईर्ष्या, लोभ, वासना, क्रोध, भय मरने लगता है, मनुष्य आत्मतत्व के प्रति रीझने लगता है। आत्म पर जितना मरता है, उतना अमर होता है मनुष्य।

## बोध कथा

# बिना अकल के नकल

एक समय की बात है, किसी देश में सूखे की वजह से अकाल पड़ गया। सभी लोगों की फसलें सूखकर बर्बाद हो गई। उस देश के लोग खाने-पीने के लिए तरसने लगे। ऐसी मुश्किल घड़ी में बेचारे कौवों और अन्य पशु-पक्षियों को भी रोटी या खाने के टुकड़े नहीं मिल रहे थे। जब कौवों को काफी दिनों से कुछ खाने के लिए नहीं मिला, तो वे भोजन की खोज में जंगल ढूंढने लगें। जंगल पहुंचने पर एक कौवा-कौवी की जोड़ी एक पेड़ पर रूके और वहीं पर अपना बसेरा बना लिया। उसी पेड़ के नीचे एक तालाब था। उस तालाब में पानी में रहने वाला एक कौवा रहता था। वह दिन भर पानी में रहता और ढेर सारी मछलियां पकड़कर अपना पेट भरता रहता था। जब पेट भर जाता था, तब वह पानी में खेलता भी था।

वहीं, पेड़ की डाल पर बैठा कौवा, जब पानी वाले कौवे को देखता, तो उसका भी मन उसी की तरह बनने का करता। उसने सोचा कि अगर वह पानी वाले कौवे से दोस्ती कर ले, तो उसे भी दिन भर खाने के लिए मछलियां मिलेंगी और उसके भी दिन अच्छे से गुजरने लगेंगे। वह तलाब के किनारे गया और पानी वाले कौवे से मीठे स्वर में बात करने लगा। उसने कहा मित्र सुनो, तुम बहुत ही स्वस्थ हो। पलक झपकते ही मछलियां पकड़ लेते हो। क्या मुझे भी अपना यह गुण सिखा दोगे? यह सुनकर पानी वाले कौवे न कहा मित्र, तुम यह सीखकर क्या ही करोगे, जब भी तुम्हें भूख लगे, तो मुझे बता दिया करो। मैं तुम्हें पानी में से मछलियां पकड़कर दे दूंगा और तुम खा लिया करना।

उस दिन के बाद से जब भी कौवे को भूख लगती, वह पानी वाले कौवे के पास जाता और उससे ढेर सारी मछलियां लेकर खाता। एक दिन उस कौवे ने सोचा कि पानी में जाकर बस मछलियां ही तो पकड़नी हैं। यह काम वह खुद भी कर सकता है। आखिर कब तक वह उस पानी वाले कौवे का एहसान लेता रहेगा। उसने मन में ठाना की वह तालाब में जाएगा और खुद अपने लिए मछलियां पकड़ेगा। जब वह तालाब के पानी में जाने लगा, तो पानी वाले कौवे ने उससे फिर कहा मित्र, तुम ऐसा मत करो। तुम्हें पानी में मछली पकड़ना नहीं आता है, इस वजह से पानी में जाना तुम्हारे लिए जोखिम भरा हो सकता है। पानी वाले कौवे की बात सुनकर, पेड़ पर रहने वाले कौवे ने घमंड में कहा तुम ऐसा अपने अभिमान की वजह से बोल रहे हो। मैं भी तुम्हारे जैसा पानी में जाकर मछलियां पकड़ सकता हूं और आज मैं ऐसा करके साबित भी कर दूंगा। इतना कहकर उस कौवे ने तालाब के पानी में छपाक से छलांग लगा दी। अब तालाब के पानी में काई जमी हुई थी, जिसमें वह फंस गया। उस कौवे को काई हटाने या उससे बाहर निकलने का कोई अनुभव नहीं था। उसने काई में अपनी चोंच मारकर उसमें छेंद करना चाहा। इसके लिए जैसे ही उसने अपनी चोंच काई में धंसाई उसकी चोंच भी काई में फंस गई। काफी प्रयास करने के बाद भी वह उस काई से बाहर न निकल सका और कुछ देर बाद पानी में दम घुटने की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। बाद में कौवे को ढूंढते हुए कौवी भी तालाब के पास आई। वहां आकार उसने पानी वाले कौवे से अपने कौवे के बारे में पूछा। पानी वाले कौवे ने सारी बात बताते हुए कहा मेरी नकल करने के चक्कर में, उस कौवे ने अपने ही हाथों से अपने प्राण धो लिए।

### कहानी से सीख

किसी के जैसा बनने का दिखावा करने के लिए भी मेहनत करने की जरूरत होती है। साथ ही अहंकार इंसान के लिए बहुत बुरा होता है।



## वीर गाथा

# डीएसपी अमन ठाकुर: वर्दी के लिए छोड़ीं दो सरकारी नौकरियां, घुसकर किया आतंकवादियों का सफाया

डीएसपी अमन ठाकुर का जन्म 12 फरवरी, 1980 को जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के गांव गागला कश्तीगढ़ में हुआ था। वे विद्यार्थी जीवन से ही बहुत प्रतिभाशाली थे। पुलिस सेवा में आने से पहले उनकी दो बार सरकारी नौकरी लग चुकी थी। इसके बाद वे साल 2011 में जम्मू-कश्मीर पुलिस सेवा में नियुक्त हुए।

अमन को उनके सहकर्मी और स्थानीय लोग उनकी विनम्रता और पेशेवर नैतिकता के उच्चतम मानकों के लिए याद करते हैं।

सुरक्षा बलों को 24 फरवरी, 2019 को खुफिया सूत्रों से सूचना मिली कि कुछ आतंकवादी एक बड़े हमले की साजिश रच रहे हैं। इसका विश्लेषण करने के बाद तुरीगाम में अभियान शुरू किया गया। आतंकवादी एक मकान में छुपे हुए थे। उन्होंने खुद को घिरता देख सुरक्षा बलों की ओर गोलीबारी की। इसके जवाब में सुरक्षा बलों ने भी गोलीबारी की।

डीएसपी अमन आगे बढ़कर इस अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। वे आतंकवादियों के सीधे निशाने पर थे। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए आतंकवादियों के ठिकाने की ओर बढ़ना जारी रखा। जल्द ही दो आतंकवादी उनके निशाने पर आए। उन्होंने दोनों को मार गिराया।

इस दौरान अमन की गर्दन पर गोलियां लगीं, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन इसी बीच भारत मां के लिए बलिदान हो गए। डीएसपी अमन ठाकुर की वीरता, शौर्य और बलिदान पर देश को गर्व है। उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दौरा



क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में बैट बनाने वाली फैक्ट्री का दौरा किया।

# सेना ने नवाज को प्रधानमंत्री बनने या बेटी को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाने का दिया था विकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लाहौर। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख नवाज शरीफ ने रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा को त्याग दिया है और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को इस पद के निए नामित किया है। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्होंने यह फैसला शक्तिशाली सेना द्वारा उन्हें दो विकल्प दिए जाने के बाद लिया। सेना ने उन्हें प्रधानमंत्री बनने या अपनी बेटी मरियम नवाज को पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री बनाने में से किसी एक विकल्प को चुनने के लिए कहा था। पीएमएल-एन प्रमुख द्वारा प्रधानमंत्री पद के लिए शहबाज शरीफ को नामांकित करने से पार्टी में बहस शुरू हो गई थी कि तीन बार के प्रधानमंत्री नवाज को पूर्व में इस पद का दावेदार घोषित किए जाने के बावजूद क्यों 'दरकिनार'किया गया।

पार्टी सूत्र ने यहां 'पीटीआई-भाषा'को बताया कि नवाज शरीफ ने अपनी बेटी और राजनीतिक उत्तराधिकारी 50 वर्षीय मरियम नवाज के लिए प्रधानमंत्री पद की दौड़ से खुद को बाहर करने का फैसला किया है। सूत्र ने बताया, नवाज शरीफ चौथी बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री



बन सकते थे लेकिन तब उनकी बेटी के पास पंजाब की मुख्यमंत्री बनने का कोई मौका नहीं होता। बेटी के लिए नवाज ने चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की इच्छा त्याग दी।

सूत्रों ने बताया कि आठ फरवरी के आम चुनाव में उनकी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद नवाज शरीफ को सेना ने दो विकल्प दिए थे। एक अन्य सूत्र ने बताया, पहला विकल्प था कि नवाज शरीफ इस्लामाबाद में गठबंधन सरकार का प्रमुख बने और अपने छोटे भाई शहबाज शरीफ को पंजाब का मुख्यमंत्री बनाएं। दूसरा विकल्प था कि शहबाज के लिए शीर्ष पद छोड़ें और बेटी मरियम को पंजाब का मुख्यमंत्री बनने का मौका दें। नवाज ने दूसरा विकल्प चुना। सूत्र ने कहा कि चूंकि 72 वर्षीय शहबाज शरीफ सेना के पसंदीदा थे इसलिए नवाज शरीफ को अंततः बहाने से किनारा किया गया।

# रूस ने तैयार हो रहे उपग्रह-रोधी हथियार को तैनात करने का फैसला किया है ऐसे संकेत नहीं : बाइडन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बाइडन ने कहा कि रूस ने जो क्षमता हासिल की है वह उपग्रहों और अंतरिक्ष से संबंधित है और उन क्षमताओं से सैद्धांतिक रूप से कुछ ऐसा हो सकता है जो नुकसानदायक हो।**

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं हैं कि रूस ने एक तैयार हो रहे उपग्रह-रोधी हथियार को तैनात करने का फैसला लिया है। व्हाइट हाउस ने पुष्टि की है कि अमेरिकी खुफिया अधिकारियों के पास जानकारी है कि रूस ने ऐसी क्षमता हासिल कर ली है, हालांकि ऐसा कोई हथियार अभी तक संचालन के लिये तैनात नहीं किया गया है।

बाइडन ने शुक्रवार को कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने (रूस) अंतरिक्ष में कुछ भी करने का निर्णय लिया है। राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि फिलहाल लोगों को खतरा नहीं है। बाइडन ने रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की कथित तौर पर मौत को लेकर टिप्पणी के दौरान व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, रूस इस समय जो कर रहा है उससे अमेरिका या दुनिया में कहीं भी लोगों के लिए कोई परमाणु खतरा नहीं है। बाइडन ने कहा कि रूस ने जो क्षमता हासिल की है वह उपग्रहों और अंतरिक्ष से संबंधित है और उन क्षमताओं से सैद्धांतिक रूप से कुछ ऐसा हो सकता है जो नुकसानदायक हो।

बाइडन ने कहा कि रूस अभी अपनी योजनाओं पर आगे नहीं बढ़ा है और मैं आशा करता हूं, वह नहीं बढ़ेगा। संसद की खुफिया मामलों की समिति के अध्यक्ष और ओहायो से रिपब्लिकन पार्टी के सांसद माइक टर्नर ने इस सप्ताह बाइडन से गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे से संबंधित जानकारी को सार्वजनिक करने का आग्रह किया था, जिसके बाद यह खबर सामने आई थी।

# जयशंकर ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की

म्यूनिख।विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात की और 'भारत-बांग्लादेश मैत्री' को आगे बढ़ाने में उनके मार्गदर्शन की सराहना की। जनवरी में बांग्लादेश के आम चुनाव में रिकॉर्ड पांचवें कार्यकाल के लिए चुने जने के बाद हसीना के साथ जयशंकर की यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के 60वें संस्करण से इतर मुलाकात की, जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर बहस के लिए दुनिया का अग्रणी मंच है।

जयशंकर ने मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। नये जनादेश के लिए उन्हें बधाई दी। भारत बांग्लादेश मैत्री को आगे ले जाने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की। जयशंकर ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस से भी मुलाकात की। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महासचिव डॉ टेड्रोस से मिलकर खुशी हुई। पारंपरिक चिकित्सा और महामारी संबंधी तैयारियों पर चर्चा की। शुक्रवार को यहां पहुंचने के बाद से जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन, ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन, जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक, यूनान के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास, अर्जेंटीना की विदेश मंत्री डायना मोंडिनो और कनाडाई समकक्ष मेलानी जोली से मुलाकात की है।

# चीन के विदेश मंत्री ने कहा, उनके देश को व्यापार से बाहर करने की कोशिश ऐतिहासिक गलती होगी

म्यूनिख। चीन के विदेश मंत्री ने वांग यी शनिवार को म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि व्यापार निर्भरता से बचने के नाम पर चीन को व्यापार से बाहर करने की कोशिश एक ऐतिहासिक गलती होगी। इस अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सम्मेलन में मेजबान जर्मनी तेजी से मुखर हो रहे चीन के साथ व्यापार पर अत्यधिक निर्भरता से बचना चाहता है। उसकी कोशिश प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति में विविधता लाने की है। सात प्रमुख औद्योगिक देशों का नजरिया भी ऐसा ही है। इन देशों का कहना है कि वे अपने जोखिम को कम करना चाहते हैं और उनका मकसद चीन को नुकसान पहुंचाना या उसकी वृद्धि को बाधित करना नहीं है। हालांकि, बीजिंग ने इस रणनीति की आलोचना की है। वांग ने कहा, आज ज्यादातर लोगों को यह एहसास हो गया है कि सहयोग का अभाव ही सबसे बड़ा जोखिम है।



# एक बार फिर रामलला के दरबार पहुँची हेमा मालिनी

मुंबई/एजेन्सी

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन तमाम नेता और अभिनेता अयोध्या पहुंचे थे। एक्ट्रेस और नेता हेमा मालिनी ने इस खास मौके पर मां सीता का रूप धारण कर खूबसूरत परफॉर्मेंस दी थी। अब दोबारा हेमा मालिनी रामलला के दर्शन किए हैं। 16 फरवरी को अभिनेत्री अयोध्या पहुंची थीं और प्रभु के दर्शन कर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। पूजा-अर्चना करने के बाद हेमा ने बताया उन्हें कैसा महसूस हो रहा है। इसके साथ ही उनका मानना है कि मंदिर बनने से बेरोजगारों को मदद मिल रही है। उन्होंने कहा,हमने बहुत अच्छे से दर्शन किए। यहां सारी व्यवस्थाएं अच्छी हैंमंदिर की वजह से इतने लोगों को रोजगार मिल रहा है। आपको बता दें कि हेमा मालिनी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त शब्दों के साथ-साथ अपने नृत्य से खुशी जाहिर की थी। दरअसल प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामभद्राचार्य का 75वें जन्मदिन के मौके एक कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें हेमा मालिनी ने रामायण पर प्रस्तुति दी थी। वह मां सीता के अवतार में नजर आई थीं। सोशल मीडिया पर उस कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर करते हुए हेमा मालिनी ने लिखा था, तुलसी पीठाधीश्वर (चित्रकूट जगत गुरु) श्री रामभद्राचार्य जी ने 17 जनवरी को अपना 75वां जन्मदिन अमृत महोत्सव के रूप में अयोध्या में मनाया। मुझे रामायण करने का सौभाग्य मिला, जिसमें मैंने राम की सीता की भूमिका निभाई।

अयोध्या में 22 जनवरी को राम जन्मभूमि मंदिर में भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था। जिसका अनुष्ठान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस बड़े दिन के साक्षी बनने बॉलीवुड के तमाम लोग भी अयोध्या पहुंचे थे। कंगना रनौत, आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कटरीना कैफ, माधुरी दीक्षित, आयुष्मान खुराना, राजकुमार हिरानी और रोहित शेट्टी ने प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रभु राम के दर्शन किए थे।

# बॉलीवुड इंडस्ट्री में वक्त के साथ बदली एक्ट्रेसेस की पहचान: शिल्पा शेट्टी

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने कहा है कि 90 के दशक में फिल्मों को वास्तविकता से दूर माना जाता था। उस समय एक्ट्रेसेस का ग्लैमरस दिखना जरूरी था, क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहता था। शिल्पा ने 1993 में रिलीज हुई 'बाजीगर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने 90 और 2000 के दशक की कई फिल्मों में काम किया। हाल ही में उन्होंने रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' के जरिए स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर शुरुआत की। 90 के दशक की तुलना में अब फिल्म निर्माताओं द्वारा महिलाओं को गंभीरता से लेने के बारे में बात करते हुए शिल्पा ने आईएएनएस से कहा, ''समय बदल गया है और समय के साथ कंटेंट भी बदल गया है। फिल्में और कुछ नहीं बल्कि हमारे समाज के ताने-बाने का प्रतिबिंब हैं। मुझे लगता है कि पुराने जमाने में फिल्मों को वास्तविकता से भागने के एक माध्यम के रूप में देखा जाता था। उन्होंने कहा, उस समय यह सब चीजें दूर-दूर तक नहीं सोची जाती थीं, एक्ट्रेसेस ग्लैमरस थीं क्योंकि कोई भी नीरस चीजें नहीं देखना चाहते थे। अभिनेत्री ने कहा कि उस समय आर्ट और कमर्शियल सिनेमा के बीच अंतर था। उन्होंने कहा, ''आर्ट फिल्मों और कमर्शियल सिनेमा के बीच स्पष्ट अंतर था।

# नहीं रही 'दंगल' गर्ल सुहानी भटनागर,19 साल की उम्र में निधन

मुंबई/एजेन्सी



आमिर खान की फिल्म 'दंगल' में चाइल्ड आर्टिस्ट रहीं एक्ट्रेस सुहानी भटनागर का महज 19 साल की उम्र में निधन हो गया है। बीते कुछ दिनों से सुहानी का फरीदाबाद में इलाज चल रहा था। वो फरीदाबाद के सेक्टर 17 में रहती थीं।सुहानी ने फिल्म 'दंगल में छोटी बबिता का किरदार निभाया था। आमिर खान की टीम ने ट्वीट कर कहा हमें अपनी सुहानी के निधन के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ है।उनकी माँ पूजाजी और पूरे परिवार के प्रति हमारी हार्दिक संवेदनाएँ ,इतनी प्रतिभाशाली युवा लड़की, ऐसी टीम खिलाड़ी, सुहानी के बिना दंगल अधूरा होता।सुहानी, तुम हमेशा हमारे दिलों में एक सितारा बनी रहोगी। भगवान आपकी आत्मा को शांति दें

एक्ट्रेस 11 साल की उम्र में आमिर खान की फिल्म दंगल में बबिता फोगाट के रोल में नजर आई थीं। इस रोल में उन्हें खूब पसंद किया था. वे फिल्म के पॉपुलर गाने बापू सेहत के लिए तू तो हानिकारक है में भी फीचर हुई थीं। फिल्म में बबिता फोगाट की युवावस्था का रोल एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने प्ले किया था।



# फिल्म 'सास हैं कि डायन' की शूटिंग पूरी

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गयी है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो गयी है। इस फिल्म में शुभी शर्मा और देव सिंह मुख्य भूमिका में हैं।फिल्म सास हैं कि डायन को लेकर देव सिंह ने बताया कि इस फिल्म में मेरा किरदार कुछ अलग ही है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। उन्होंने कहा कि मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक शुरू से रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। फिल्म मेरे साथ शुभी शर्मा है जो खुद भी एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और उनके साथ काम करना भी बेहद सज रहा। इससे पहले मैं उनके साथ और भी फिल्में कर चुका हूं, लेकिन वह इस फिल्म में सेट पर और भी बेहतरीन नजर आई।

वही फिल्म को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे पहली बार इस फिल्म का ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन इसकी कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म बनकर तैयार है। उम्मीद करती हूं कि जब आप इस फिल्म को देखेंगे तो इसे पसंद भी करेंगे और अपना आशीर्वाद भी देंगे। मजबूत कथानक वाली फिल्म को करने का मजा ही कुछ और है। और कहानी के साथ जब मेकिंग उसे लेवल का हो जाए तो फिर दर्शक भी उसे पर सीटियां बजाते नहीं थकते। यह फिल्म कुछ ऐसी ही है जो दर्शकों को खूब गुदगुदाने वाली है और उनका मनोरंजन करने वाली है। गौरतलब है कि जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी इस फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। इस फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा के साथ ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे मुख्य भूमिका में है।

# कल्पना से बेहद अलग है बॉलीवुड इंडस्ट्री, यहां काम करना आसान नहीं : मौनी रॉय

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस मौनी रॉय, जो अपने अपकमिंग स्ट्रीमिंग शो 'शोटाइम' के लिए तैयारी कर रही हैं, ने इंडस्ट्री में उनके सामने आने वाली चुनौती, सबसे खास तौर पर टाइपकास्ट होने के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि कल्पना के किसी भी स्तर पर इस इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है क्योंकि हर दिन एक नई चुनौती है और यह अपने कलाकारों से बहुत कुछ डिमांड करती है।

मौनी रॉय ने कहा, ''मुझे टाइपकास्ट कर दिया गया है, हां बिल्कुल। लेकिन, मैं उन निर्देशकों के मामले में भी बहुत भाग्यशाली रही हूं, जिनके पास मुझे अलग-अलग भूमिकाओं में देखने का नजरिया है। हां, मेरा मतलब है, जैसा कि यह एक निष्पक्ष इंडस्ट्री हो सकती है, लेकिन, मैं सचमुच मानती हूं कि यह एक बहुत ही मुश्किल इंडस्ट्री है। कड़ी मेहनत के साथ-साथ इसमें बहुत सारी चुनौतियां भी आती हैं। यह वह संघर्ष है, जिसे आप नकार नहीं सकते।'' उन्होंने आगे कहा, ''कड़ी मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं है, जिसे आप अपना सकते हैं। मेरा सचमुच मानना है कि काम से ही काम बनता है। जब आप किसी प्रोजेक्ट पर फोकस करते हैं, चाहे वह डांस हो या एक्टिंग, अगर आप अपना 100 प्रतिशत देते हैं, अगर आप अपना करेक्टर बखूबी से निभाते हैं और उसे सही ठहराते हैं, तो मुझे लगता है कि देर-सबेर आप सफल हो ही जाएंगे। यही मेरे जीवन का एकमात्र मंत्र रहा है।'' सीरीज 'शोटाइम' में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सुमित रॉय द्वारा निर्मित, 'शोटाइम' 8 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है।

# एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है : एमी जैक्सन

मुंबई/एजेन्सी



एमी जैक्सन अपनी अपकमिंग फिल्म 'क्रैक' में सख्त पुलिस अफसर का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्हें सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं रखा गया है। एमी ने बताया, 'एक्शन फिल्मों में महिलाओं का विकास सशक्त है। यह देखना प्रेरणादायक है कि अब एक्ट्रेस केवल ग्लैमर तक सीमित रहने के बजाय मजबूत, प्रभावशाली भूमिकाएं निभा रही हैं।' 2010 में तमिल फिल्म 'मद्रासपट्टिनम' से अपनी शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि महिलाएं पर्दे पर पुरुष अभिनेताओं के बराबर प्रतिनिधित्व करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, सभी उम्र की महिलाएं स्क्रीन पर प्रतिनिधित्व महसूस करना चाहती हैं और एक एक्ट्रेस को भूमिका निभाते हुए देखना चाहती हैं, क्योंकि सिनेमा में समानता के लिए आकर्षक होना महत्वपूर्ण है। आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित अपकमिंग फिल्म में एमी अपने को-स्टार्स विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल और नोरा फतेही के साथ स्टंट करती नजर आएंगी। जोखिम को देखते हुए एक एक्टर के लिए किसी भूमिका में कितना निवेश करना बहुत अधिक है?

इस पर उन्होंने कहा, 'किसी भूमिका में स्पोर्ट्स और स्टंट के संतुलन को बनाए रखना जरूरी है। सुरक्षा को प्राथमिकता देना और सीमाओं का ध्यान रखना जरूरी है। विद्युत जामवाल जैसे अनुभवी एक्टर के साथ सहयोग करना पूरे अनुभव को बेहतर बनाता है।' एक्शन कोरियोग्राफी को अंजाम देने में उनकी अद्वितीय विशेषज्ञता न केवल निर्देशक और कहानी में विश्वास पैदा करती है, बल्कि अभिनेताओं को अपने स्टंट खुद अपनाने के लिए भी सशक्त बनाती है। एमी के लिए विद्युत के साथ काम करना एक सुरक्षित अनुभव था। उन्होंने कहा, ऐसे उस्ताद के साथ काम करना न केवल सुरक्षित लगता है बल्कि मुझे एक अभूतपूर्व कोरियोग्राफर के मार्गदर्शन में रोमांच में डुबो देता है।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जिस प्रकार फूलों में सर्वश्रेष्ठ गुलाब होता है वैसे ही गुरुओं में भी सर्वश्रेष्ठ है गुरु राजेन्द्रसूरीश्वरजी। गुरु का उपकार जिस पर हो जाता है उसका कल्याण हो जाता है। गुरु हमेशा पुण्य से व पुण्यशाली को मिलते हैं और जिसको भी मिलते है उसका जीवन सफल हो जाता है। राजेन्द्र सूरी ने जिनशान के लिए अनेक कार्य किए तथा उन्हें अनेक पदवियों से नवाजा गया परन्तु उन्होंने कभी की पद व पदवी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राजेन्द्र सूरी एवं सरल व तपस्वी संत थे।




# बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का हुआ आशीर्वाद समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां वेपेरी स्थित गुरु श्री शांति विजय जैन विद्यालय में शुक्रवार को शैक्षणिक क्षेत्र 2023- 24 के 12वीं के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद समारोह हुआ। नवकार, तमिल वंदना, दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम शुरू हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. पी.गौतम वैद ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्ति के साथ-साथ अपने मानवीय गुणों विद्या, विनय, विवेक ,दया को बनाए रखें संवाददाता व सचिव डॉ. ज्ञान जैन ने सभी के सफल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि जीवन में शिक्षा और शिक्षक अत्यधिक महत्वपूर्ण होते हैं। प्राचार्या वी. उमा माहेश्वरी ने अपने स्वागत भाषण में सभी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमेंशा सजग रहें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कोशिश करते रहे। उप-प्राचार्या टी.डी. मूल्लै ने कहा कि जीवन में सफ़लता प्राप्त करने के लिए ज्ञान, चरित्र और अच्छे स्वास्थ्य का होना बहुत ज़रूरी है। कुछ अध्यापकगण और विद्यार्थिगण ने अपने अनुभव साझा किये। अतिथिगण ने विद्यार्थियों को कलम, हॉल-टिकिट और मेरी भावना पुस्तिका प्रदान की।





# ‘तेरापंथ का सर्वोच्च पर्व है मर्यादा महोत्सव’

## गुडियात्तम में आयोजित हुआ मर्यादा महोत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

गुडियात्तम। तमिलनाडु के गुडियात्तम में तेरापंथ धर्मसंघ का 160वां मर्यादा महोत्सव मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में तेरापंथी सभा में आयोजित किया गया। इस मौके पर मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि तेरापंथ धर्मसंघ का सर्वोच्च पर्व है मर्यादा महोत्सव। संसार में अनेक उत्सव मनाए जाते हैं किंतु मर्यादाओं का उत्सव केवल तेरापंथ में मनाया जाता है। इस दृष्टि से मर्यादा महोत्सव अनुपम है, अद्भुत है और आकर्षण का केंद्र है। आचार्य भिक्षु ने जो मर्यादाएं बांध कर संघ पर महान उपकार किया। आचार्यश्री जयाचार्य ने उसे महोत्सव का वर्तमान स्वरूप प्रदान कर विलक्षण कार्य किया। तेरापंथ धर्म संघ विश्वास है, नंदनवन है। यहां संघ और संघपति का संबंध बहुत गहरा होता है। आचार्यश्री के वचनों को सम्मान दिया जाता है। जहां आचार्यवर का निर्देश, इंगित होता है वहीं पर साधु साध्विया विहार चातुर्मास करते हैं। शिष्य-शिष्या शिष्यत्व में गौरव का अनुभव करते है। मुनिश्री ने आगे कहा कि हम संघपति की दृष्टि की अनुपालना में सतत जागरूक रहे। संघ सेवा में समर्पण भाव बढ़ता रहे ।

मुनिश्री काव्यकुमारजी ने संचालन करते हुए कहा कि संघ की तेजस्विता बढ़ाने वाला है मर्यादा महोत्सव। यह पर्व मर्यादा, अनुशासन, विनय, समर्पण और अप्रमाद का महोत्सव है। कार्यक्रम में तेरापंथ महिला मंडल गुडियात्तम की महिलाओं ने गीत और कव्वाली की प्रस्तुति दी। मानमल नाहर, दानमल सुराणा, कंचनबाई समदरिया, केजीएफ तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा राजकुमारी बांठिया, विजयनगर से अनीशा बाबेल ने अपने विचार रखें। आचार्य श्री महाश्रमणजी ने मर्यादा महोत्सव पर मुनिश्री दीपकुमारजी का आगामी चातुर्मास कोयंबतूर में घोषित किया है।



# विश्व पुस्तक मेला में स्थानीय साहित्यकारों की पुस्तक का हुआ प्रदर्शन

बेंगलूरु। शहर के नारायणपुरा महादेवपुरा स्थित एनसीसी मेपल हाइट्स अपार्टमेंट्स के दो साहित्यकार हेमंत शुक्ल व नरेन्द्र सेक्सरिया आदि द्वारा लिखित हिन्दी भाषा की दो पुस्तकें नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित ‘विश्व पुस्तक मेला’ के स्टालों में प्रदर्शित हुई। वरिष्ठ पत्रकार हेमन्त शुक्ल लिखित ‘मायानगरी- कुछ भूल गया कुछ याद रहा है’ तथा लेखक नरेंद्र सेक्सरिया, शिवानी, अखिलेश, कल्पना एवं जतिन द्वारा प्रस्तुत ’मैजिकल पॉवर्स ऑफ ग्रैटीट्यूड’ पुस्तक का प्रदर्शन किया गया।



# मैसूरु में ‘एक शाम गौमाता के नाम’ भजन संध्या 25 को

## आयोजक चैत्रा गौशाला ने मुणोत को किया आमंत्रित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मंड्या के ध्यान फाउंडेशन चैत्रा गौशाला 25 फरवरी को म मैसूरु दशहरा वस्तु प्रदर्शनी मैदान में‘एक शाम गौ माता के नाम’ विशाल भजन संध्या का आयोजन करने जा रही है जिसमें शिव गौ सेवा भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति, मैसूरु गैर मंडली द्वारा गैर नृत्य, इस्कॉन के कृष्ण भक्तों द्वारा हरे कृष्णा संकीर्तन एवं राजस्थान के भजन कलाकार ओम मुंडेल द्वारा भजन प्रस्तुति होगी। इस आयोजन में अतिथियों के रूप में कृष्ण गौशाला के प्रमुख संत पुखराज, लोकसभा सदस्य मैसूर प्रताप सिम्हा, चामराज क्षेत्र विधायक हरीश गौड़ा, कृष्णराज क्षेत्र विधायक श्रीवत्स, मैसूर कमिश्नर रमेश बणोद, शिल्प कला विशेषज्ञ अरुण योगीराज, बेंगलूरु के महेन्द्र मुणोत आदि अनेक गौभक्त उपस्थित होंगे। फाउंडेशन की सदस्या सहाना एवं डॉक्टर रेनू ने महेंद्र मुणोत को कार्यक्रम की आमंत्रण पत्रिका भेंट कर आमंत्रित किया।



# बसंतपंचमी पर राणी सती दादी का मंगल पाठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपुर। यहां दादी परिवार द्वारा हर महीने कि भांति इस महीने भी वसंत पंचमी के उपलक्ष में दादी परिवार कि और से राणी सती दादी का बसंत पंचमी का मंगल पाठ गणेश मन्दिर रायपुरम तिरुपुर में सरोज पित्ती एवं वीरा कामदार परिवार की ओर से मनाया गया। फूलों का सुन्दर दरबार सजाया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। दादी को चुनड़ी ओढ़ाई गई। मीठे मीठे भजन सुनाए गए। ‘ल्याया थारी चुनरी, करियो माँ स्वीकार,’ इमें साँचा साँचा हीरा और मोतियों की भरमार’ आदि भजनों की प्रस्तुति हुई। बड़ी संख्या में दादी परिवार की सदस्यों ने भाग लिया। प्रसाद वितरण किया या। दादी परिवार की अध्यक्ष शीला शाह ने आभार व्यक्त किया।



### अनुष्ठान

प्रयागराज में माघ मेले के वार्षिक पारंपरिक मेले में पवित्र नदियों यमुना और गंगा के संगम पर साधु या हिंदू संत मिट्टी के बर्तनों में सूखे गाय के गोबर के उपले जलाकर एक अनुष्ठान करते हैं।




# इसरो प्रमुख ने इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण से पहले आंध्र प्रदेश में मंदिर के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी) रॉकेट से इनसैट-3डीएस मौसम उपग्रह के प्रक्षेपण से पहले शनिवार को नेल्लोर जिले में श्री चेंगलम्मा परमेश्वरी मंदिर के दर्शन किए और मिशन की सफलता की कामना की। सोमनाथ सुबह कुछ अन्य अधिकारियों के साथ एक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए सुल्लुरपेटा में स्थित मंदिर पहुंचे और भगवान की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। सोमनाथ ने पत्रकारों से कहा, मैं इस मिशन की सफलता के लिए चेंगलम्मा भगवती का आशीर्वाद लेने के लिए आज यहां आया हूं। इसरो प्रमुख ने कहा कि मौसम विज्ञान उपग्रह का प्रक्षेपण आज शाम 5:35 बजे निर्धारित है। इस मिशन का उद्देश्य मौसम, जलवायु और चक्रवातों पर नजर रखना है। इसरो के अधिकारियों के इस मंदिर के दर्शन की परंपरा 15 वर्ष से जारी है। सोमनाथ ने चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1 मिशन की पूर्व संध्या पर भी मंदिर के दर्शन किए थे।



# आचार्यश्री महेन्द्रसागर आराधना भवन के भूमिपूजन हेतु पहुंचे अरसीकेरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अरसीकरे। हासन से दीक्षा सम्पन्न कर आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी, मुनिश्री म ै र रु प द्म स ा ग र ज ी , अर्हमपद्मसागरजी, नूतन बालमुनि ओमपद्मसागरजी के साथ अरसीकेरे वासुपूज्यस्वामी जैन मंदिर पहुंचे। संतों का यहां नूतन आराधना भवन के भूमि पूजन में निश्रा प्रदान करने हेतु पदार्पण हुआ। संघ के सदस्यों ने संतों का भावभीना स्वागत किया। आयोजित प्रवचन में आचार्यश्री ने कहा कि श्रमण भगवान महावीर शौर्यता के धारक थे। लौकिक शूरवीरता और लोकोत्तर शूरवीरता में जमीन आसमान का अंतर है। आचार्यश्री ने कहा कि संयम के पथ पर जो चलता है वह वीर नहीं महावीर कहलाता है। संयम का पथ बहुत ही अनुशासन का पथ है इसपर चलने वाला हमेशा वीर व शूरवीर कहलाता है।



# खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा की नई कार्यकारिणी समिति गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** बसवनगुड़ी में विराजित अवंति तीर्थद्धारक खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म.सा की निश्रा में अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद बेंगलूरु शाखा की नई कार्यकारिणी समिति का गठन अध्यक्ष आरती जैन ने किया। नई कार्यकारिणी समिति में शांति गोठी को संरक्षक, किरण ललवाणी को चेयरपर्सन, आरती जैन को अध्यक्ष, विजयलक्ष्मी कोठारी को उपाध्यक्ष, रेखा चौपड़ा को महामंत्री, पूनम कोठारी व नंदा बाफना को सहमंत्री, अलका श्रीश्रीमाल, श्रुति छाजेड़ को कोषाध्यक्ष, विक्की बाफना व परमेश्वरी संखलेचा को प्रचार प्रसार मंत्री बनाया गया है । इस के अलावा मनोरंज समिति, वैयावच्च समिति व सलाहकार समिति व कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है ।

# बंगाल ‘राशन घोटाला’ मामले में गिरफ्तार ज्योतिप्रिय मलिक को मंत्री पद से हटाया गया

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल सरकार ने करोड़ों रुपए के राशन वितरण घोटाला मामले में संलिप्तता के आरोप में जेल में बंद ज्योतिप्रिय मलिक को वन मंत्री के पद से हटाकर यह विभाग बीरबाहा हांसदा को सौंप दिया है। हांसदा वन एवं स्वयं सहायता-स्वरोजगार समूह (स्वतंत्र प्रभार) राज्य मंत्री हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मलिक का एक अन्य विभाग सार्वजनिक उद्यम एवं औद्योगिक पुनर्निर्माण, पार्थ भौमिक को सौंपा गया है। भौमिक सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के प्रभारी मंत्री हैं। अधिकारी ने बताया कि यह फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सलाह के मुताबिक लिया गया है।



### अभिवादन

वाराणसी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते हुए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.